


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 24 मई 2024 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-1 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-056 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 25 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112


# मतदान का डेटा जारी करने निर्देश देने से इंकार

**नई दिल्ली,24 मई।** सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों के डेटा प्रकाशित करने में हुई देरी को लेकर दायर याचिका पर भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को राहत दी है। कोर्ट ने एक एनजीओ की याचिका पर निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत के आंकड़े उसकी वेबसाइट पर अपलोड करने के संबंध में कोई निर्देश देने से इनकार कर दिया है। लोकसभा चुनाव मतदान के 48 घंटे के भीतर प्रत्येक मतदान केंद्र पर डाले गए मतों के आंकड़े वेबसाइट पर डालने की मांग वाली एक याचिका पर बुधवार को सुनवाई थी। अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। चुनाव आयोग ने अपने हलफनामे में कोर्ट से कहा कि इस प्रकार से आंकड़े पूरी तरह से सार्वजनिक करने से चुनावी प्रक्रिया को नुक्सान होगा। एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा दायर एक आवेदन पर 24 मई को शीर्ष अदालत में सुनवाई से पहले चुनाव आयोग ने एक हलफनामा दायर कर यह दावा किया। हलफनामे में कहा गया है कि फॉर्म 17 सी के पूर्ण खुलासे से शरारत हो सकती है। इससे पूरे चुनावी प्रक्रिया को नुकसान होगा। चुनाव आयोग ने कहा कि वेबसाइट पर फॉर्म 17सी (प्रत्येक मतदान केंद्र पर डाले गए वोटों के आंकड़े) डालना उचित नहीं होगा। चुनाव आयोग ने यह भी दावा किया कि पहले दो चरणों में अंतिम मतदान आंकड़े में 5 से 6 फीसदी की वृद्धि के संबंध में लगाए गए आरोप भ्रामक और निराधार थे। आयोग ने यह भी कहा कि चुनाव के अंतिम दो चरणों में प्रक्रिया बदलना चुनाव प्रक्रिया में




हस्तक्षेप होगा और यह संविधान के अनुच्छेद 329 (बी) (चुनाव याचिका को छोड़कर संसद या विधानसभा के किसी भी चुनाव पर सवाल नहीं उठाया जाना चाहिए) के तहत होगा। उच्चतम न्यायालय से चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि उम्मीदवार या उसके एजेंट के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को फॉर्म 17सी प्रदान करने का कोई कानूनी आदेश नहीं है। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता चुनाव अवधि के बीच में एक आवेदन दायर करके एक अधिकार बनाने की कोशिश कर रहा है, जबकि कानून में ऐसा कुछ भी नहीं है। याचिका में यह भी तर्क दिया कि मतदान केंद्र के पास फॉर्म 17सी अपलोड करने के लिए कोई साधन नहीं है। याचिका में चुनाव आयोग को मौजूदा लोकसभा चुनावों के प्रत्येक चरण के मतदान के 48 घंटों के भीतर अपनी वेबसाइट पर मतदान केंद्र-वार मतदान प्रतिशत डेटा अपलोड करने का निर्देश देने की मांग की गई है। चुनाव आयोग ने कहा कि 19वीं लोकसभा के लिए चुनाव पहले से ही चल रहे हैं। सात चरणों में से पांच चरण पहले ही समाप्त हो चुके, जबकि शेष दो चरण 25 मई और 1 जून को होने हैं। याचिका में दावा किया गया है, कुछ ऐसे तत्व और निहित स्वार्थ भी हैं जो किसी भी तरह से इसे बदनाम करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा हर चुनाव के आयोजन के समय के करीब निराधार और झूठे आरोप लगाकर संदेह का अनुचित माहौल बनाते रहते हैं।चुनाव आयोग ने दावा किया कि याचिका फिलहाल सुनवाई योग्य नहीं है, क्योंकि इसी तरह के मुद्दे उठाए गए थे, जिसके परिणामस्वरूप 26 अप्रैल 2024 को ईवीएम के उपयोग के संबंध में फैसला सुनाया गया। चुनाव आयोग ने अदालत के समक्ष यह भी तर्क दिया कि मामले में रिट याचिका 2019 से लंबित है, लेकिन तत्काल आवेदन ईवीएम से मतपत्रों तक अभियान के लिए समर्थन हासिल करने के लिए पूर्वाग्रह, संदेह, संदेह और प्रक्रिया की अखंडता पैदा करने के लिए मतदान के बीच में दायर किया गया है।

## संक्षेप

### भाजपा के विज्ञापन पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक

**सुप्रीम कोर्ट पहुंची बीजेपी**

**कोलकाता,24 मई।** टीएमसी के खिलाफ भाजपा के विज्ञापन को लेकर पश्चिम बंगाल की सियासत में बवाल मचा हुआ है। सीएम ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ बीजेपी के विज्ञापन पर कलकत्ता हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है। इसको लेकर पश्चिम बंगाल बीजेपी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बीजेपी ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने बिना हमारा पक्ष सुने एकतरफा आदेश दिया है। ऐसे में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मामले में तुरंत सुनवाई हो। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने मामला सोमवार (27 मई, 2024) को सुनवाई के लिए लगाने की बात कही है। कलकत्ता हाईकोर्ट की खंडपीठ ने बुधवार (22 मई) को सिंगल बेंच के उस आदेश में रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें बीजेपी को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन करने वाला कोई भी विज्ञापन प्रकाशित नहीं करने का आदेश दिया गया था। इधर बीजेपी ने कलकत्ता हाईकोर्ट में भी अपील दायर करते हुए दावा किया था कि एकल पीठ ने बिना कोई सुनवाई किये निर्देश दे दिया है। इस दलील को ठुकराते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकल पीठ का आदेश बरकरार रखा।

### ट्रक और मिनीबस की टक्कर में सात लोगों की मौत

**अंबाला, 24 मई।** हरियाणा के अंबाला में शुक्रवार तड़के एक मिनीबस और ट्रक की टक्कर होने से छह महीने की बच्ची समेत सात लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।यह हादसा अंबाला छावनी के नजदीक मोहरा गांव के पास हुआ। पुलिस ने बताया कि मिनीबस उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से लगभग 30 लोगों को जम्मू-कश्मीर स्थित वैष्णो देवी मंदिर लेकर जा रही थी। उसने बताया कि दुर्घटना में हताहत हुए सभी लोग रिश्तेदार हैं। उसने बताया कि टक्कर के कारण मिनीबस का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने बताया कि मिनीबस में सवार छह महीने की एक बच्ची समेत सात लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। उसने बताया कि हादसे का शिकार हुए यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने घायलों को क्षतिग्रस्त बस से बाहर निकाला और बाद में पुलिस की मदद से घायलों को पास के दो अस्पतालों में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि शवों को शवगृह में रखा गया है और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। उसने बताया कि ट्रक चालक अपना वाहन छोड़कर घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसे पकड़ने की कोशिश की जा रही है। दुर्घटना में घायल हुए एक व्यक्ति ने संवाददाताओं से कहा कि सभी यात्री रिश्तेदार हैं और वे वैष्णो देवी मंदिर में दर्शन के लिए बृहस्पतिवार शाम को रवाना हुए थे।

### आदिवासी होने की वजह से हेमंत सोरेन को नहीं मिली जमानतः राहुल

**नई दिल्ली,24 मई।** राहुल गांधी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बीच तुलना की और भारतीय न्यायपालिका पर कुछ समुदायों के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रस्त होने का आरोप लगाया। हरियाणा के पंचकुला में 'संविधान सम्मान सम्मेलन' नामक एक सत्र को संबोधित करते हुए गांधी ने कहाः दो मौजूदा मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार किया गया था और जो पहले जेल गया वह अभी भी सलाखों के पीछे है, मूलतः क्योंकि वह एक आदिवासी समुदाय से है। उन्होंने कहा, मायावती भ्रष्ट हैं, लेकिन नवीन पटनायक नहीं, लालू यादव भ्रष्ट हैं... अगर कोई आदिवासी या दलित है, तो उसे स्वचालित रूप से फंसा दिया जाता है। ईडी ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में इस साल जनवरी में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था।

## नक्सलियों के शव लेकर लौट रहे जवानों पर फायरिंग

**नारायणपुर, 24 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ इलाके में शुक्रवार को भी जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर आ रही है। खबरों के अनुसार इस मुठभेड़ में जवानों ने एक और नक्सली मार गिराया है। बताया जा रहा है कि यह मुठभेड़ उस वक्त हुई जब सुरक्षा बल के जवान गुरुवार को अबूझमाड़ इलाके में हुए मुठभेड़ में मारे गए सात नक्सलियों के शव को लेकर कैंप की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान घात लगाए नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। इस मुठभेड़ में एक नक्सली के मारे जाने की खबर है। नारायणपुर के एसपी प्रभात कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा, नारायणपुर-बीजापुर जिले के सीमावर्ती पल्लेवाया हांदावाडा क्षेत्र में प्लाटून नंबर 16 और इंद्रावती एरिया कमिटी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बस्तर जिले के डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के साथ एसटीएफ की टीमें संयुक्त नक्सल गश्त सर्च अभियान पर निकली थी। शुक्रवार को जब नक्सलियों के शव को लेकर जवान वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने जवानों की टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। एसटीएफ के जवानों ने भी मुस्तैदी से मोर्चा संभाला और सुरक्षित आड़ लेते हुए जवाबी फायरिंग की। फायरिंग के बाद सर्च में एक वर्दीधारी नक्सली का शव और हथियार बरामद हुए हैं

### जवाबी हमले में नक्सली ढेर

**नारायणपुर.** एंबुश लगाकर नक्सलियों ने डीआरजी और बस्तर फाइटर्स को घेर कर गोलीबारी शुरू कर दी. लेकिन मुस्तैदी से जवानों की जवाबी कार्रवाई में एक नक्सली ढेर हो गया, वहीं कुछ अन्य के घायल होने की भी खबर है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नारायणपुर बीजापुर जिले के सीमावर्ती पल्लेवाया हांदावाडा क्षेत्र में प्लाटून नंबर 16 और इंद्रावती एरिया कमिटी के



नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बस्तर जिले के डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के साथ एसटीएफ की टीमें संयुक्त नक्सल गश्त सर्च अभियान पर निकली थी. 24 मई को पुलिस टीम की वापसी के दौरान पूर्व से ऐम्बुश लगाये हुए नक्सलियों ने स्ञस्र की टीम पर गोलीबारी शुरू की. स्ञस्र के जवानों ने भी मुस्तैदी से मोर्चा संभाला और सुरक्षित आड़ लेते हुए जवाबी फायरिंग की कार्रवाई की.फायरिंग के बाद सर्च में एक वर्दीधारी नक्सली का शव और हथियार बरामद हुए है.

## बसना में अवैध कब्जों पर 'बुलडोजर कार्रवाई'

### तालाब पार अतिक्रमण मुक्त, 31 दुकानों पर बड़ा एक्शन, कपड़े में आग लगाकर बुलडोजर जलाने की कोशिश

**बसना,24 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

पदमपुर सड़क मार्ग के किनारे शासकीय घास भूमि की जमीन डबरी मेड पर दुकान और मकान बनाकर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने बुलडोजर कार्रवाई की. अतिक्रमण की हटाने की कार्रवाई NGT के गाइड लाइन के तहत की गई. इस दौरान अतिक्रमणकर्ताओं ने कब्जा हटाने पहुंची नगर पंचायत, राजस्व विभाग एवं पुलिस के साथ जमकर नोकझोंक भी हुई. नगर पंचायत बसना द्वारा इसके पूर्व 3 दिनों में कब्जा हटाने लगभग 31 लोगो नोटिस दिया गया था. अतिक्रमणकर्ताओं को इस त्वरित कार्रवाई का जरा भी अंदेशा नहीं था, बेफिक्र होकर ये अपना व्यवसाय कर रहे थे. लेकिन अचानक नगर पंचायत, राजस्व विभाग और पुलिस की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची तो इन अतिक्रमणकर्ताओं के साथ पूरे नगर में हडकंप मच गया.

जब इन कब्जों पर बुलडोजर चलने लगा तब तक अतिक्रमणकर्ताओं ने अपने जगह से सामान भी नहीं हटाया था. कब्जा तोड़ते देख सभी लोगों ने आनन-फानन में अपने कब्जा किये हुए घरों और दुकानों से सामान निकालने लगे. साथ ही कुछ लोगों ने इस अतिक्रमण के हटाये जाने का विरोध भी किया. जमकर विरोध किये जाने के बावजूद ये अतिक्रमणकर्ता प्रशासन के बुलडोजर को रोकने में नाकाम रहे. इसी बीच अतिक्रमण हटाये जाने का विरोध करने नगर पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र साहू भी



पहुंचे. अतिक्रमणकर्ताओं में नगर पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र साहू का नाम भी शामिल था जिनके घर पर भी बुलडोजर चलाया जाना था.

इस बात को लेकर न.पं. अध्यक्ष की नाराजगी देखी गई. अध्यक्ष की नाराजगी को देख अतिक्रमणकर्ताओं को भी बल मिलता गया. इसी बीच अतिक्रमण हटाये जाने से नाराज एक युवक ने कपड़े में आग लगाकर बुलडोजर को जलाने की कोशिश की हालांकि वह अपनी इस कोशिश में नाकाम रहा. जिसके बाद पुलिस ने उसे तुरंत पकड़ कर लिया और थोड़ी देर के लिए बुलडोजर चलना बंद हो गया. लेकिन थोड़ी देर बाद फिर से बुलडोजर ने अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया.

## शेयर पहली बार 23000 के पार पहुंचा

**मुंबई,23 मई।** शेयर बाजार ने लगातार दूसरे दिन इतिहास रचा है. निफ्टी और सेंसेक्स अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं. निफ्टी पहली बार 23000 के पार पहुंच गया, जबकि बाजार के शुरुआती 15 मिनट में सेंसेक्स ने 75558 की नई ऊंचाई छू ली. इस उड़ान में बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, टाटा स्टील, स्टेट बैंक, विप्रो, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक ने बड़ा योगदान दिया है. आज शेयर बाजार लाल निशान पर खुला. सेंसेक्स 82.59 अंक नीचे 75,335.45 के स्तर पर और निफ्टी 36.90 अंक की कमजोरी के साथ 22930 पर खुला. हालांकि, यह गिरावट ज्यादा देर तक नहीं रही और निफ्टी ने इतिहास रचते हुए 23 हजार के स्तर को पार कर लिया. वहीं गुरुवार यानी कल शेयर बाजार में जोरदार तेजी देखने को मिली. सेंसेक्स 1200 अंक से ज्यादा बढ़कर 75400 के पार पहुंच गया था, जबकि निफ्टी 22993 पर पहुंच गया था. रिकॉर्ड के बाद बाजार में मुनाफावसूली का दबाव बढ़ता जा रहा है. निफ्टी 50 की करीब एक-तिहाई कंपनियां ग्रीन जोन में हैं, जिनमें हिंडाल्को और एलएंडटी जैसी कंपनियां बुलिश हैं. वहीं मिडकैप सेगमेंट में वोडा आइडिया के शेयर में सबसे ज्यादा 6 फीसदी की बढ़त देखने को मिल रही है. इसके अलावा बॉयकन का शेयर भी बढ़ रहा है. वहीं स्मॉल कैप कैटेगरी में बीडीएल के शेयर में सबसे ज्यादा 12 फीसदी की तेजी है. इस बीच, शुक्रवार को अडानी ग्रुप के शेयर लाल निशान में नजर आ रहे हैं. बीएसई सेंसेक्स के टॉप 30 शेयरों में सिर्फ 8 शेयरों में तेजी देखी जा रही है, जबकि 22 शेयरों में गिरावट देखी जा रही है. सबसे ज्यादा गिरावट टीसीएस के शेयरों में आई है. यह करीब 1 फीसदी गिरकर 3857 रुपये पर आ गया है. सबसे ज्यादा 1.20 फीसदी की बढ़त एलएंडटी के शेयर में देखी जा रही है, जो 3629 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा है. हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन एनएसई पर कुल 2,412 शेयर कारोबार कर रहे हैं, जिनमें से 1,109 शेयर बढ़त पर कारोबार कर रहे हैं. जबकि 1,202 शेयरों में गिरावट है. जबकि 101 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है. 83 शेयर 52 हफ्ते के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं, जबकि 13 शेयर 52 हफ्ते के निचले स्तर पर पहुंच गए हैं.



## शराब में पानी की मिलावट,तीन कर्मी बंदी

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**बलरामपुर,24 मई।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर विकासखंड के अंतर्गत सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान में शराब में पानी मिलावट करने का मामला सामने आया है। वहीं इस मामले में संभागीय उड़न दस्ता टीम ने शराब दुकान के कर्मचारियों को मिलावट करते रंगे हाथों पकड़ा है। जानकारी के अनुसार, दुकान में रखें मेगडॉनल नंबर वन के एक बोतल एवं 8 पीएम व अन्य शराब में अंतर पाया गया तथा पानी के एक बोतल में 1 लीटर अंग्रेजी शराब अलग से



रखा गया था, जिसे मिलावट के लिए उसे कर्मचारी यूज़ करने के लिए रखे थे। वहीं इस मामले में अधिकारियों ने दुकान का सीसीटीवी कैमरा चेक करना चाहा तो मॉनिटर खराब होना बताया गया। बता दें, दुकान में मौजूद सेल्समैन नीरज गुप्ता एवं दीपक गुप्ता के विरुद्ध धारा 38 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं आबकारी विभाग बलरामपुर के अधिकारियों एवं प्लेसमेंट एजेंसी ईगल हंटर की मिली भगत भी सामने आ रही है। पूरे मामले में जब हमने डिवीजन आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता से बात की तो उन्होंने बताया, कि पिछले काफी समय से वाड्राफनगर शासकीय शराब दुकान की शिकायत मिल रही थी, जिसके तहत कार्रवाई की गई है। सभी कर्मचारियों को ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया है और आगे भी उन पर नजर बनी रहेगी।

### हादसे में अब तक 10 लोगों की मौत

**मुंबई,24 मई।** डोंबिवली की फैक्ट्री में बॉयलर फटने से अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 60 से अधिक लोग घायल हैं। घटना एमआईडीसी इलाके में स्थित एक फैक्ट्री की है। पुलिस ने फैक्ट्री के मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार दोपहर 1.40 बजे अमुदान कैमिकल फैक्टरी में बॉयलर फटने से विस्फोट हुआ था। अब तक घटनास्थल से 10 शव बरामद किए गए हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रईसी की मौत में साजिश की बू नहीं, रिपोर्ट

**नई दिल्ली,24 मई।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत को लेकर लगातार कई बातें चर्चा का विषय बना हुआ हैं। लोगों में चर्चा है कि उनकी मौत इजराइल की बड़ी साजिश का हिस्सा बताया जा रहा है , तो कोई उनकी मौत के पीछे ईरान के ही दुश्मन लोगों का नाम ले रहा है। अब इसको लेकर ईरान की आर्म फोर्स के जनरल स्टाफ की रिपोर्ट भी सामने आ गई है। कमेटी की रिपोर्ट में हेलिकॉप्टर क्रैश होने के कारणों के बारे में बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इब्राहिम रईसी का हेलिकॉप्टर उसी रास्ते पर जा रहा था जो पहले से तय था यानी हेलिकॉप्टर अपने रास्ते से नहीं भटका था।

## महिला सहित 3 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा ,24 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

लोन वर्राटू (घर वापस आईये) नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छत्तीसगढ़ शासन की ''पुनर्वास नीति'' के तहत विगत कुछ माह में जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ के द्वारा भटके हुए माओवादियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार संपर्क एवं संवाद किया जा रहा है साथ ही प्रशासन की नक्सल पुनर्वास नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार गाँव गाँव तक किया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप यह बदलाव माओवादी कैडर में दिखाई दे रहा है और बड़ी संख्या में माओवादी कैडर का आत्मसमर्पण देखने को मिल रहा है।नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प करके



मलांगेर एरिया कमेटी के प्रतिबंधित संगठन में नीलावाया पंचायत जनताना सरकार सदस्य/मेडिकल टीम कमाण्डर हांदा मण्डावी,बुरगुम पंचायत मिलिषिया सदस्य शषी मड़काम,बुरगुम पंचायत सीएनएम सदस्य बण्डी पोड़ियाम निवासी बुरगुम पेरमापारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा ने दिनांक 24 मई को डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किये।उपरोक्त माओवादियों को आत्मसमर्पण कराने में डीआरजी दन्तेवाड़ा एवं 111वीं वाहिनी सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा का विषेष योगदान रहा। जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ सभी भटके हुए माओवादियों से अपील करती है कि हिंसा की धारा छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए निकटतम थाना अथवा कैंप में सम्पर्क करें और क्षेत्र के विकास में अपना अमूल्य योगदान दे।पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा द्वारा आत्मसमर्पित माओवादियों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत् 25-25 हजार रूपये प्रोत्साहन राषि एवं पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ प्रदाय कराया जायेगा।

## वरना आने वाले दिनों में भारत बन जाएगा पाकिस्तानः गिरिराज

**नई दिल्ली,24 मई।**मौजूदा लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, राजनीतिक हलकों में तापमान भी तेज होता दिख रहा है। भारतीय जनता पार्टी और I.N.D.I.A ब्लॉक के सदस्य सीएए, एनआरसी और अल्पसंख्यकों को आरक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर एक-दूसरे पर हमले तेज कर रहे हैं। भाजपा विपक्ष पर आरोप लगा रही है कि वे एससी/एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहते हैं। खुद पीएम नरेंद्र मोदी कर रहे हैं कि जब तक मैं जीवित हूं, मैं कांग्रेस को धर्म के नाम पर दलितों, एससी, एसटी और ओबीसी के लिए मिलने वाले आरक्षण को मुसलमानों को नहीं देने दूंगा। इन सब के बीत केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने एक बयान में कहा कि समय आ गया है कि मुसलमानों को दिए गए आरक्षण पर दोबारा विचार किया जाए। उन्हें दिया



गया आरक्षण हिंदुओं पर हमला है। भाजपा नेता ने आगे कहा कि अगर सभी हिंदू एकजुट नहीं हुए और मुस्लिम आरक्षण के खिलाफ नहीं लड़े तो आने वाले दिनों में भारत पाकिस्तान बन जाएगा। इससे पहले कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा था कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने हिंदुओं को धोखा दिया था। जब हम 400 प्लस हो जाएंगे तो हम काशी, मथुरा और अयोध्या जैसे विकास और अपनी विरासत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे... राहुल गांधी और सोनिया गांधी देश छोड़ने वाले हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल को मुस्लिम राज्य बनाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी बंगाल को एक मुस्लिम राज्य बनाना चाहती हैं। पिछले चुनाव में उनके मंत्री पत्रकारों को 'मिनी पाकिस्तान' दिखाते थे, जिसका मतलब है कि वह पश्चिम बंगाल को 'भारत का पाकिस्तान' बनाना चाहती हैं। जब हमारी सरकार है का गठन, एनआरसी, सीएए, यूसीसी और जनसंख्या नियंत्रण लागू किया जाएगा और 'किम जोंग' जैसी उनकी तानाशाही को समाप्त कर दिया जाएगा।

## बीजेपी की ही सरकार बनेगी कोई संदेह नहीं:टंकराम वर्मा



**रायपुर,24 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के खेल व राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार को कांग्रेस पार्टी और नेता राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस के 300 सीटों पर जीत के दावे को हास्यास्पद बताया है। वहीं राहुल गांधी के मीडिया बिकाऊ है वाले बयान को लेकर केबिनेट मंत्री वर्मा ने भारतीय मीडिया को देश की ताकत बताते हुए राहुल पर जमकर हमला बोला है। इसके अलावा उन्होंने राजस्व के पेंडिग मामलों पर सख्ती दिखाई है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रदेश में राजस्व की पेंडिग मामलों पर कहा, कि रेवेन्यू के 40 हजार से ज्यादा मामले एक साल से पेंडिंग हैं। किसानों को भटकना न पड़े, इसके लिए राज्य सरकार लंबित प्रकरणों का 6 महीने में निपटारा करेगी। उन्होंने आगे कहा, कि समय पर मामलों का निपटारा नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों पर गाज गिरेगी। केबिनेट मंत्री वर्मा ने कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनाव में 300 सीटों पर जीत के दावों को लेकर कहा, कि कांग्रेस के बातों पर मुझे हंसी आती है, 400 सीटों से ऊपर बीजेपी की जीत होगी। सभी वर्गों के लिए मोदी सरकार ने काम किया है। बीजेपी की सरकार बनेगी कोई संदेह नहीं है। वहीं उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा बुधवार को दिये गए मीडिया बिकाऊ है वाले बयान को लेकर राहुल पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, कि राहुल गांधी में हताशा और निराशा भर गई है। लोग कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं, इसलिए राहुल गांधी बौखला गए हैं। उन्होंने आगे कहा, कि मीडिया को खरीदने की ताकत किसी में नहीं है, मीडिया देश की ताकत है।

## एक नजर

### मोबाइल चोरी,आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 24 मई।** भिलाई मोबाइल चोरी मामले में पुलिस आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नाफीस ऐप (नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम) की मदद से आरोपी को पकड़ पाई पुलिस ने संदेह के आधार पर उसे पकड़ा मोहन नगर प्रशिक्षु डीएसपी आकांक्षा पांडेय ने बताया कि एसीसीयू की टीम ने मोबाइल चोरी के आरोपी पकड़ा है पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम वर्षा देसाई गंज वीरसी वार्ड थाना वर्षा जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र निवासी बथूला मलैया उर्फ अशोक बताया है आरोपी से पुलिस ने 12 हजार रुपए कीमती एक मोबाइल भी जब्त किया है आरोपी ने मोबाइल फोन को 18 मई के दिन कालीबाड़ी सिंधिया नगर दुर्ग से चोरी करना स्वीकार किया। घटना शिकायत वार्ड 56 बघेरा निवासी रामनारायण निषाद का 18 मई को कालीबाड़ी सिंधिया नगर में जगन्नाथ राव के घर काम पर गया था तभी मोबाइल फोन चोरी हो गया अज्ञात चोर झोले के भीतर रखे मोबाइल फोन को चोरी कर भाग निकला था विवेचना के दौरान संदेही मिलने पर उसे थाना लाकर पूछताछ की गई संदेही मोबाइल फोन चोरी करने से लगातार इंकार करता रहा चोरी करने की पूर्ण संदेह होने पर नाफीस एप की मदद से आरोपी के लिये गए फिंगरप्रिंट को एसीसीयू की टीम की सहायता से आरोपी का मिलान किया गया जिससे आरोपी के पूर्व आपराधिक

रिकॉर्ड की जानकारी हो पाई पुलिस को आरोपी का पूर्व में तीन आपराधिक रिकॉर्ड होना पता चला कड़ाई से पूछताछ करने पर मोबाइल को चोरी करना स्वीकार किया ।

### तीन अपचारी बालकों को पकड़ा

**भिलाई, 24 मई।** भिलाई चोरी मामले में पुलिस ने तीन अपचारी बालकों को पकड़ा है मामले में पुलिस ने तीनों के खिलाफ धारा 457, 380, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है सुपेला पुलिस ने बताया कि संजय नगर सुपेला निवासी ओमप्रकाश सेन का आकाशगंगा सुपेला में गैलेक्सी सेलून नामक दुकान है जिसकी चोरी की शिकायत पीड़ित ने किया था पुलिस ने चोरी के आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई सूचना पर पुलिस संजय नगर तालाब के पास पहुंची जहां संदेही बालक छिपे हुए थे तीनों को घेराबंदी कर पकड़ा गया पुछताछ करने पर दुकान में चोरी करना स्वीकार किया बालको से हेयर ड्रायर, यू.वी. लाईट, फोकस लाईट, फ्लोर लाईट, अस्तुरा, मैट्रिक शैम्पू जब्त किया गया जिसकी कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई है।

### करंट लगने से मजदूर की मौत

**भिलाई, 24 मई।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र मैत्री कुंज रिसाली में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई मजदूर वहां के निर्माणाधीन मकान में काम करता था काम खत्म करने के बाद वो घर जाने के पहले निर्माणाधीन मकान के लोहे के दरवाजे को बंद कर रहा था दरवाजे और चौखट के बीच एक बिजली तार कट गया और मजदूर उसमें प्रवाहित बिजली की चपेट में आ गया उसे फौरन अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया नेवई पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान ग्राम परसाही जिला बालोद निवासी हेमंत उर्फ एमन साहू (23) के रूप में की गई है वह मैत्री कुंज रिसाली के एक निर्माणाधीन मकान में मजदूरी का काम करता था काम खत्म करने के बाद वह घर जाने वाला था घर जाने के पहले उसने निर्माणाधीन मकान के लोहे के दरवाजे को बंद किया और उसी दौरान करंट की चपेट में आ गया सूचना पर नेवई पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है ।

### वृद्ध ने फांसी लगाई

**भिलाई, 24 मई।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है छावनी पुलिस ने बताया कि जेपी नगर कैम्प-2 निवासी छगन साहू ने कमरे में फांसी लगा ली परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा कर शव को मरचूरी पीएम के लिए भेज दिया ।

### करंट लगने से दो मवेशियों की मौत

**भिलाई, 24 मई।** भिलाई करंट की चपेट में आने से दो मवेशी की मौत हो गई मिली जानकारी के मुताबिक पावर हाउस में बीती रात करंट लगने से दो मवेशी की मौत हो गई है आंधी तूफान व बारिश के कारण पोल में करंट दौड़ रहा था इसके चपेट में पास में खडे दो मवेशी आ गए पावर हाउस जवाहर मार्केट के सामने के बिजली पोल की घटना है।

### ऊर्जा फाउंडेशन गर्मी में पक्षियों की चिंता करते हुए साकोरे बांटे



**भिलाई, 24 मई।** ऊर्जा फाउंडेशन की चेयरमैन सरिता पाण्डेय ने इस आयोजन को जनमानस में पक्षियों के प्रति जागरूकता लाना निरूपित किया है।आज लगातार पक्षियों के संरक्षण के लिए कार्य करने की आवश्यकता है इसलिए इस गर्मी के मौसम में उनके लिए दाने पानी की उचित व्यवस्था करना हम सबकी जिम्मेदारी है ।ज्ञात हो की ऊर्जा फाउंडेशन विगत कई वर्षो से समाजसेवा के साथ साथ बेजुबान पशु पक्षियों के लिए लगातार कार्य कर रहा है। इस पुनीत कार्य में प्रमुख रूप से ऊर्जा फाउंडेशन की अध्यक्ष सरिता पाण्डेय , महासचिव दिव्या रंगारी , शैल सोनी , रेनू श्रीवास्तव नीता भल्लवी, श्रीमती मुकेश गूंजर, सुष्मिता रथ, श्रीमती नमीता वर्मा , सपना श्रीवास्तव विनीत श्रीवास्तव नीलू गणवीर मंजूषा जोशी सहयोगी सदस्य श्रीमती अनुजा अग्रवाल के साथ वरिष्ठ नागरिक,मंदिर के पुजारीगण एवम अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# भाविका साहू सीए बीकाम फाइनल में 74.23 प्रतिशत अंक लेकर हुई उत्तीर्ण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 24 मई।** एमजे कालेज की छात्रा कुमारी भाविका साहू ने सी.ए.बी.काम फाइनल में 74.23 त अंको से उत्तीर्ण कर महाविद्यालय में अच्छा स्थान प्राप्त कर अपने कालेज व माता पिता परिवार सहित अंचल का नाम रोशन किया है कुमारी भाविका साहू रानीतराई निवासी समाजसेवी व वरिष्ठ पत्रकार धनराज साहू की छोटी सुपुत्री व पूर्व सरपंच करुणाराज साहू की बेटी है । सफलता पर महाविद्यालय प्राचार्य , शिक्षक व पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमति रमशिला साहू जी , पूर्व विधायक श्री डा दयाराम साहू , पालक गण धनराज साहू ,,श्रीमति करुणाराज साहू, कुमारी नेशिता साहू , श्रीमति उमादेवी साहू,श्रीमति भगवती जितेंद्र साहू , श्रीमति नारायणी उमाशंकर साहू ,श्रीमति सुचित्रा नरेंद्र तेली ,श्रीमति चन्द्रिका सुनील साहू ,श्रीमति सतरूपा गजपाल, निखिल गजपाल, श्रीमति द्रोपती साहू डायालाल साहू, श्रीमति सरस्वती तिक्षण साहू, रानीतराई सरपंच निर्मल जैन, महेंद्र साहू, भेदप्रकाश वर्मा, यशवंत साव , देवेंद्र पटेल , किशन हिरवानी ,संदीप मिश्रा , गंगादीन साहू , पूर्णेंद्र सिन्हा , मनीष चंद्राकर ,टिकेंद्र वर्मा ,किशोर साहू ,बलराम यादव , सतीश पारख,लेखराम सोनवानी , दिलीप कुर्रे ,पूर्व जनपद सदस्य अशोक शर्मा, श्रीमति मंजू लता हरीश साहू , श्रीमती डाली सुरेश साहू , श्रीमति रेणुका ललित साहू ,श्रीमति खुशबू शैलेश साहू , श्रीमति रुचि हिमांशु साहू , सूर्या साहू , निखिल गजपाल ,सृष्टि साहू , पलक साहू , आन्या साहू ,हरषु साहू ,सानू साहू,दिनेश साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन, खेमलाल साहू महासचिव तहसील साहू संघ पाटन, पूर्णानंद साहू ,हुनेंद्र साहू , जितेंद्र धुरंधर ,शीतल देवांगन ,प्रशांत तिवारी,कामता ठाकुर,जुगन विश्वकर्मा, छबि विश्वकर्मा , सभी ने बधाई के साथ साथ

उज्जवल भविष्य की कामना किये है।

कुमारी भाविका साहू ने बताया कि सी ए की तैयारी के साथ बी कॉम परीक्षा की अच्छा तैयारी था और अच्छे अंक आना भी था लेकिन जो अंक मिले है उनसे संतुष्ट हूं मेरी सी ए की तैयारी चल रही है खूब मेहनत कर आगे अपने लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास करूंगी ,मेरे सभी अध्यापकों का बहुत बहुत धन्यवाद आभार प्रकट करना चाहती हूं इस उत्तम व अच्छी परीक्षा परिणाम के लिए ।

## कबीरधाम जिले में सड़क हादसे रोकने के लिए परिवहन विभाग की कार्रवाई जारी



कवर्धा, 24 मई। कबीरधाम जिले में सड़क हादसे एवं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक्शन मोड़ पर कार्यवाही जारी है। कलेक्टर श्री महोबे ने जिले के अंतर्गत माल वाहक वाहनों पर सवारी परिवहन कर रहे सभी वाहनों पर सख्ती के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर परिवहन विभाग ने मालवाहनों पर यात्री/सवारी परिवहन कर रहे 35 वाहनों पर 50700 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई। जिला परिवहन अधिकारी एमएल साहू ने बताया कि कबीरधाम जिला के अंतर्गत परिवहन विभाग के द्वारा मालवाहनों पर यात्री/सवारी परिवहन कर रहे वाहनों पर कुल 35 वाहनों पर 50700 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही वाहन चालक और सवार लोगो को समझाइश दी जा रही है कि इस प्रकार मालवाहन का उपयोग कर यात्रा न करे।उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले के कुकदूर तहसील के अंतर्गत ग्राम बाहपानी घाट में यात्रियों से भरी मालवाहक पिकअप वाहन खाई में गिर गई थी, जिसमे 19 ग्रामीणों मृत्यु हो गई थी तथा 16 ग्रामीणजन घायल हो गए है, घायलों का उपचार चल रहा है। परिवहन अधिकारी साहू ने बताया कि जिले के अंतर्गत इस तरह की घटना, दुर्घटनाओं एवं हादसे फिर से ना हो इसके लिए कलेक्टर के निर्देश पर लगातार परिवहन विभाग के माध्यम से लोगों को सतर्क और सजग रहने की सलाह दी जा रही है, साथ ही माल वाहन में यात्री का परिवहन करने वाले सभी वाहनों पर कार्यवाही जारी है। जन जागरूकता के लिए लोगों को भी समझने की जरूरत है।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष का किया निरीक्षण

**दुर्ग, 23 मई ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 4 जून 2024 को होने वाले मतगणना के लिए श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी भिलाई दुर्ग के स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्ला उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विधानसभावार मतगणना कक्ष, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व एजेंट की बैठक व्यवस्था, प्रवेश पास, सीसीटीवी कैमरा मॉनिटरिंग, सुरक्षा व्यवस्था एवं उद्घोषक स्थल का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सूचना एवं टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए दुर्ग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अन्य जिले के विधानसभा क्षेत्र की जानकारी गूगल लिंक के माध्यम से डेटा अपडेट होगा।

## शिवनाथ नदी के पीछे स्थित जमीन को अवैध प्लाटिंग के लिए अलग-अलग टुकड़ों में किया गया था विभाजित



दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में शिवनाथ नदी के पीछे करीब 40 से 45 एकड़ जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसके लिए यहां भू-माफिया द्वारा मुरुम डालकर रास्ता बना लिया गया था, जिसे बुधवार शाम आधी तूफान और बरसते पानी के समय जिला प्रशासन एवं निगम प्रशासन के अमला ने जेसीबी की मदद से उखाड़ फेंका। इस मामले की शिकायत रेरा में की गई थी। शिकायत के आधार पर कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश के बाद निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्गदर्शन में एक्शन लेते हुए कड़ी कार्रवाई की गई।अवैध प्लाटिंग करने वालों ने यहां मुरुम बिछाकर सड़क बना ली थी।शिवनदी के पीछे अवैध प्लाटिंग पर जिला प्रशासन,नगर निगम एवं टाउनकंट्री प्लानिंग् की संयुक्त कार्वाही,जिसे बुधवार शाम कब्जाधारियों के विरोध के बाद भी सख्ती से कार्रवाही की गई,कार्वाही के दौरान एसडीएम मुकेश रावटे,डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव,भवन अधिकारी गिरीश दीवान,तहसीलदार प्रफ्फुल गुप्ता,राजस्व व अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं ग्राम व नगर निवेश न विभाग दुर्ग के संयुक्त संचालक व निगम अमला की मौजूदगी में उखाड़ दिया गया। जेसीबी से मुरुम बिछाकर बनाई गई रोड व अन्य को ध्वस्त कर दिया गया। नगर निगम के भवन अधिकारी गिरीश दीवान ने बताया कि कार्रवाई के बाद मौके पर एक सूचना बोर्ड लगा दिया गया है कि उक्त जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। ज्ञात हो कि उक्त मामले की शिकायत छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा), रायपुर में की गई थी। जिसकी शिकायत की प्रतिलिपि जिला प्रशासन को भेजी गई थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अब तक जमीन किसी को भी नहीं बेची गई है।उल्लेखनीय है कि शहर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ समय-समय पर कार्रवाई की जा रही है। वहीं प्रशासन द्वारा राजस्व विभाग के अमला को भी अवैध प्लाटिंग पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है।इसकी सूचना मिलने पर कार्रवाई के लिए भी निर्देशित किया गया है।दुर्ग के ग्राम पुलगांव में अवैध प्लॉटिंग के उद्देश्य से बनाए गए निर्मित संरचना को आज नगर निगम और राजस्व की संयुक्त कार्यवाही से जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई।ग्राम पुलगांव के निजी भूमि खसरा नंबर 47/31,47/17,7,9,12,49/2,3,11, सहित अन्य 08 खसरों पर बिना अनुज्ञा के लगभग 40 से 45 एकड़ भूमि पर अवैध प्लॉटिंग की मंशा से निर्मित किए गए रोड रास्ता, नाली आदि स्ट्रक्चर को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त करने कार्यवाही की गई है।अलग अलग भू धारकों के नाम से धारित भूमि पर अवैध प्लॉटिंग की पूरी तैयारी कर लिए जाने की शिकायत छत्तीसगढ़ भू संपदा विनियामक प्राधिकरण ( रेरा ) को मिलने पर आज यह बड़ी कार्यवाही की गई।उक्त खसरों पर अवैध विकास की कार्यवाही की जा रही थी जिसका रेरा सहित अन्य सक्षम अधिकारियों से विधिवत अनुमति नहीं ली गई थी।

### बिजली कंपनी की लापरवाही से दर्जनों की जा सकती थी जान

**डोंगरगढ़, 24 मई।** डोंगरगढ़ के हृदय स्थल गोल बाजार से हाईस्कूल जाने वाले मार्ग पर 23 मई रात्रि लगभग 8.45 में 14 हजार वोल्ट की विधुत लाईन की तार ट्रांसफर व तार में आग लगते अचानक गिर पड़ी और जैसे तैसे उस रोड के यात्री अपनी जान बचा इधर उधर भागने लगे व करेंट के डर से मौत का डर लोगों में देखने को मिला। हालाँकि माँ बैलेश्वरी की दया से कोई जन माल की घटना सामने नही आई परंतु एकाएक जलते हुए तार का आम पब्लिक रोड में गिरने व बिजली कंपनी के ठेकेदारों के आदमियों द्वारा कार्य करते इस प्रकार की घटना से लोगों को हतप्रभ कर दिया है व लोग बोल रहे है कि अगर करी कराना था तो आवागमन व दुकानदारी बंद करवा देनी थी। लोगो की माने शाम होते ही बिजली कंपनी के ठेकेदार के आदमी जो पूरे धर्मनगरी में बिजली कंप्लेंट या सुधार कार्य का जिम्मा लिए है मदहोश होकर लाईन बंद किए बिना व लोगो को हिदायत दिए बना कार्य प्रारम्भ कर ऐसी दुर्घटनाओं को अंजाम तक पहुँचाते हुए लोगों की जिंदगी से खिलवाड करते नजर आ रहे है। जिस पर कार्यवाही की मांग हादसा के समय उपस्थित लोगों ने की है।

## विदाई के पल में भावुक हुए रिटायर बीएसपी कर्मी




भिलाई। बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने एक समारोह में अप्रैल में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इन रिटायर कर्मियों को अध्यक्ष अशोक परगनिहा व पदाधिकारियों ने सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक परगनिहा ने सभी रिटायर कर्मियों को जीवन के नए अध्याय की शुरुआत पर शुभकामनाएं दी और सभी के स्वस्थ्य व खुशहाल जीवन की कामना की। इन रिटायर कर्मियों में स्टील मेल्टिंग शॉप-2 से शाजी इप्पन, प्लांट वेहिकल पूल से एम, रामाराव, मेडिकल से राखी सिकदार, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से जुब केतु, बलराम, टेलीकम्युनिकेशन से कामदेव साहू, सिंटर प्लांट-2 से सैयद नासिर अली, सीआर रिफ्रैक्ट्री से कामदेव साहू, फायर ब्रिगेड से जवाहरलाल कौशल, प्लेट मिल से देवानंद, भागीरथी ठाकुर, शंकर लाल, ब्लास्ट फर्नेस से गंगूराम वर्मा, मर्चेंट मिल से राजू लाल देवांगन, अखिलेश कुमार दीक्षित, सीआरएम मैकेनिक से जयप्रकाश वर्मा, फाइनेंस एंड अकाउंट्स से सूर्यकुमार देवनारायण मिश्रा, रिफ्रैक्ट्री इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट-1 से देवानंद, चंद्रहास, रघुनंदन प्रसाद रात्रे, रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से अहमद रजा, दुष्यंत कुमार वैष्णव, मशीन असेंबलिंग और रीइंजीनियरिंग शॉप 1 (मार्स) से बेनी कुमार उरोडे और सुरेंद्रनाथ सिरसांत शामिल है। सम्मान समारोह में रिटायर कर्मियों ने भी अपनी बातें रखीं और सम्मान के लिए आभार जताया। आभार प्रदर्शन विपिन बंछोर ने किया।

0000 फोटो ,थनोद में बुद्ध पूर्णिमा बुद्ध पूर्णिमा पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल थनोद दुर्ग में किया गया यज्ञ दुर्ग। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 23 मई बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर पुरे विश्व में गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल थनोद दुर्ग में भी यज्ञ का आयोजन किया गया। इस यज्ञ में शाला के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। यज्ञ का संचालन करते हुए श्रीमती अनीता साव (दिया वुमन विंग ) एवं डॉ पी एल साव (दिया छ ग) ने यज्ञ के महत्व के बारे में बताया । डॉ साव ने यज्ञ के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यज्ञ से ना केवल पर्यावरण संरक्षण होता है बल्कि शरीर में होने वाले बीमारी बैक्टीरियल व वायरल इंफेक्शन को भी रोकता है, जिस घर में यज्ञ किया जाता है उस घर का वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। हम सभी को प्रतिदिन गायत्री मंत्र का जाप व उपासना के माध्यम से अपनी अत-ऊर्जा को बढ़ाना चाहिए। यज्ञ में शामिल हुए सभी विद्यार्थियों ने नशा से दूर रहने और गुरुदेव के द्वारा रचित साहित्य का अध्ययन कर अपना व्यक्तित्व परिष्कृत करने का संकल्प लिया । श्रीमती अनीता साव ने भगवान बुद्ध की जीवनी के बारे में बताते हुए बताया कि अपना लक्ष्य बड़ा बनाकर चलो जीवन में सफलता अवश्य मिलती है। गृहे गृहे गायत्री यज्ञ को संपन्न कराने के लिए अंजू दिल्लीवार, मंजू चंद्राकर, रुक्मणी यादव, संगीता भेलोंड़े, हेमा नायर, रश्मि सिन्हा, सुचित्रा गजपाल,रमेश तिरपुडे, रोशन देशमुख, मनेन्द्र कुमार रॉय, धनेश्वर सिंह एवं प्राचार्य अनिल गजपाल शामिल हुए।

## जीई फाउंडेशन ने कुपोषित बच्चों में बांटे प्रोटीन पाउडर और स्वच्छता किट

**भिलाई, 24 मई।** सामाजिक संस्थान गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन ने जामुल परिक्षेत्र के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र रावण भाठा वार्ड क्रमांक. 5 में सभी गंभीर, मध्यम कुपोषित बच्चों को प्रोटीन पाउडर और स्वच्छता किट (तौलिया और साबुन) दिया। इस दौरान सेक्टर पर्यवेक्षक आभा साहू ने उपस्थित पालकों को महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं पूरक पोषण आहार, रेडी टू ईट, खान पान, अनौपचारिक शिक्षा, सतत स्तनपान, छह माह के बाद बच्चों को ऊपरी आहार और पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) के बारे में विस्तृत जानकारी दी। किशोरियों को दिए जाने वाले आयरन टेबलेट और स्थानीय स्तर पर उपलब्ध फल और सब्जियों का सेवन करने की सलाह दी गई। इस दौरान गायत्री गोस्वामी माताओं को दो बच्चों के जन्म के बीच मे अंतर रखने तथा समय से ऊपरी आहार को शुरू करने को प्रोत्साहित किया गया। जीई फाउंडेशन के तरफ़ से प्रदीप पिल्लई ने जागरूक महतारी पुष्ट लईका के तहत अपने बच्चों को कुपोषण से सुपोषण में लाने वाली महिलाओं का सम्मान उनके संस्थान की ओर से करने की घोषणा की। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उमेश्वरी वर्मा, सावित्री कटकवार, प्रीति सिन्हा, राधिका देशमुख, प्रेमिन देवांगन, शांति वर्मा, राधिका यादव, प्रीति वर्मा, त्रिवेणी ठाकुर, राधा वर्मा, रुपेश्वरी दास,सकिला देवदास और जीई फाउंडेशन के ओर से डॉ हेमा कुलकर्णी, सुभागा सुरेश, मृदुल शुक्ला, गायत्री गोस्वामी, पुष्प लता गुप्ता, प्रकाश देशमुख,अजित सिंह और प्रदीप पिल्लै उपस्थित थे।

## कोचिंग जा रही छात्रा को ट्रक ने रौंदा, मौके पर मौत




**भिलाई।** सेक्टर-8 पंथी चौके के पास गुरुवार शाम को बड़ा हादसा हो गया। जोनल मार्केट सेक्टर-10 में कोचिंग करने वाली छात्रा अपनी स्कूटी से जा रही थी इस दौरान पीछे से ट्रक ने उसे ठोकर मारते हुए कुचल दिया। मौके पर छात्रा की मौत हो गई। घटना के बाद चालक वहीं ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद ट्रक ड्राइवर खुद ही भिलाई नगर थाने पहुंचा और सरेंडर कर दिया। फिलहाल भिलाई नगर पुलिस हादसे की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार स्कॉलर एंपायर कोचिंग सेंटर में पढने़ वाली छात्रा रिद्धिमा साहू हादसे का शिकार हो गई। रिद्धिमा गुरुवार शाम साढ़े पांच बजे के आसपास अपनी एक्टिवा सीजी बीए 3875 से कोचिंग जा रही थी। पंथी चौक सेक्टर-8 के पास मोड़ते हुए गाड़ी को अचानक पीछे से आ रही ट्रक ने कुचल दिया। हादसे के बाद ड्राइवर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्कूटी सवार छात्रा ने हेलमेट पहन रखा था। चौक के राउंड से गाड़ी मोड़ रही थी कि तभी पीछे से आ रही लोडिंग ट्रक (सीजी 07 सी 7408) पीछे से टक्कर मारी। इसके बाद रिद्धिमा की गाड़ी दूर तक हवा में उछल गई। ठोकर रिद्धिमा सड़क पर गिर पड़ी बीच चौराहे में उसके सिर के ऊपर से गाड़ी निकल गई। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक छोड़कर वहां से फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद भिलाई नगर पुलस ने ट्रक को जब्त कर लिया। हादसे के बाद चालक ने स्वयं थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया।

## निर्वाचन कर्तव्य के दौरान मृत कर्मी के वैध उत्तराधिकारी को 15 लाख रुपए प्रतिकर राशि का भुगतान

**दुर्ग।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज दुर्ग सर्किट हाउस में निर्वाचन कर्तव्य के दौरान मृत कर्मी के वैध उत्तराधिकारी को अनुग्रह प्रतिकर राशि 15 लाख रूपए का चेक प्रदान किया। ज्ञात हो कि लोकसभा निर्वाचन 2024 निर्वाचन कर्तव्य के दौरान निर्वाचन कर्मी श्रीमती मधु बंजारे की एनएच-53 ओवरब्रिज कैलाश नगर कुम्हारी के पास वाहन दुर्घटना से 8 मई 2024 को मृत्यु हो गयी थी। आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य अनुग्रह प्रतिकर भुगतान नियम 2009 के प्रावधानों के तहत् मृतक के वैध उत्तराधिकारी पुत्र श्री नितिन कुमार बंजारे और विपिन कुमार बंजारे को अनुग्रह प्रतिकर राशि 15 लाख रूपए भुगतान की अनुशंसा की गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने आज अपने करकमलों से श्री नितिन कुमार बंजारे और श्री विपिन कुमार बंजारे प्रत्येक को साढ़े 7 लाख रूपए की राशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.के. दुबे एवं सभी एआरओ उपस्थित थे।

## लापरवाह चालक,हेल्पर गिरफ्तार



**भिलाई, 24 मई।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र बीती रात को कोहका कुरुद रोड पर पुरी आईटीआई के सामने एक तेज रफ्तार ट्रक ने पहले सामने से आ रही एसयूवी को टक्कर मारी और उसके बाद अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दीवार व लोहे की ग्रिल को तोड़ते हुए घर में घुस गईघटना के समय परिवार सोने की तैयारी कर रहा था धमा के जैसी आवास सुनकर परिवार वाले घर से बाहर निकले वहीं जिस एसयूवी को ट्रक ने टक्कर मारी उसके एयरबैग खुलने से उसमें सवार लोगों की जान बची पुलिस ने बताया कि ड्राइवर व हेल्पर को हिरासत में ले लिया प्रत्यक्षदर्शियों ने पुरी आईटीआई के ठीक सामने मोड में अचानक रात को रुंगटा कॉलेज की तरफ से आ रही ट्रक अवंती बाई चौक की ओर से आ रही एक्सयूवी की आमने-सामने टक्कर हुई टक्कर इतनी तेज थी कि एक्सयूवी गाड़ी के परखच्चे उड़ गए एयर बैग खुलने से एसयूवी में सवार लोगों को हल्की चोटें ही आईं इधर एसयूवी को टक्कर मारने के बाद मोड में मुख्तार अंसारी के घर में लोहे की ग्रिल और सामने की दीवार तोड़ते हुए ट्रक घर के आंगन तक घुस गया इस दौरान तेज धमाके जैसा हुआ घर के मालिक मुख्तार अंसारी और उनके बेटे शान बाहर निकले तो देखा कि ट्रक ने उनके घर को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया मुख्तार अंसारी ने बताया कि वे खाना खाने के बाद सोने की तैयारी कर रहे थे इतने में तेज आवाज आई सभी बाहर निकले तो नजारा देख चौंक गए ट्रक के चालक व हेल्पर इतना ज्यादा नशा किए हुए थे कि संभल नहीं पा रहे थे घटना की सूचना स्मृति नगर चौकी में दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने ड्राइवर व हेल्पर को हिरासत में ले लिया

### व्यंग्यकार रवि श्रीवास्तव की पत्नी प्रतिमा श्रीवास्तव का निधन


**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष, वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव (72) वर्ष का देहावसान 23 मई गुरुवार को दोपहर 1-30 बजे सेक्टर 9 हॉस्पिटल भिलाई में हो गया। वे सहकारिता विस्तार अधिकारी दुर्ग अमित श्रीवास्तव व स्वर्गीय अनुराधा श्रीवास्तव की माता एवं अशोक श्रीवास्तव और स्वर्गीय शशि श्रीवास्तव राजिम की भाभी थी।

उनकी अंतिम यात्रा 24 मई शुक्रवार को सुबह 11-30 बजे मकान नंबर 20 बी,सड़क 30 , सेक्टर 10 भिलाई से रामनगर मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

# आरक्षण पर कोलकाता हाई कोर्ट का निर्णय कांग्रेस और इंडी गठबंधन के गाल पर करारा तमाचा: साव

- उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने फैसले का स्वागत कर कहा : इस निर्णय ने कांग्रेस समेत तमाम भाजपा विरोधी दलों का पिछड़ा वर्ग विरोधी डीएनए जगजाहिर कर दिया है
- अनेक राज्यों में कांग्रेस की सरकारों ने मुस्लिम समाज को धर्म के आधार पर संविधान के विपरीत आरक्षण देने और पिछड़ा वर्ग के हितों पर डाका डालने का प्रयास किया है

**रायपुर 24 मई।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आरक्षण को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट के ताजा फैसले का स्वागत करते हुए इसे कांग्रेस और इंडी गठबंधन के गाल पर करारा तमाचा बताया है। संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने का मिथ्या आरोप भाजपा पर मढ़कर अनर्गल प्रलाप करने वाली कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन ने पिछड़े वर्ग के हक पर डाका डाला, उसे लूटा, पिछड़े वर्ग के लोगो के साथ षड्यंत्र किया। श्री साव ने कहा कि इस निर्णय ने कांग्रेस समेत तमाम भाजपा विरोधी दलों का पिछड़ा वर्ग विरोधी डीएनए जगजाहिर कर दिया है।



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीनकर मुसलमानो को देना असंवैधानिक है और भाजपा पूरी ताकत से ऐसे षड्यंत्रकारियों से लड़कर पिछड़े वर्ग के अधिकारों को सुनिश्चित करेगी। श्री साव ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय का ताजा-ताजा फैसला जो आया है, उसके बाद कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन का राजनीतिक दोगलापन और झूठ बेनकाब हो चला है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल किस प्रकार से पिछड़ा वर्ग के अधिकारों को लूटकर पिछड़ा वर्ग के अधिकारों पर डाका डालकर अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए मुसलमानों को आरक्षण देने का काम कर रहे हैं, यह अब आईने की तरह साफ हो गया है।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि जिस प्रकार से अनेक राज्यों में कांग्रेस की सरकारों ने मुस्लिम समाज को धर्म के आधार पर आरक्षण दिया, वह आरक्षण पूरी तरह संविधान के विपरीत है। पिछड़ा वर्ग के हितों पर डाका डालकर आरक्षण देने का प्रयास किया जा रहा है। लगातार पिछड़े वर्ग के साथ अन्याय और शोषण करने का काम कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दल करते रहे हैं, कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले यह बात स्पष्ट हो गई है। श्री साव ने दो टूक कहा कि किसी को भी पिछड़ा वर्ग के हितों के साथ खिलवाड़ करने नहीं दिया जाएगा, पूरी ताकत से पिछड़े वर्ग के साथ किए जाने वाले अन्याय का विरोध होगा और पूरी ताकत से उसके लिए लड़ाई लड़ी जाएगी।

## एक नजर

### पुलिस ने चलाया आकस्मिक वाहन चेकिंग अभियान

**राजनांदगांव 24 मई।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर एवं पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के निर्देशन पर जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है की अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने, शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने तथा कानून- व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया था। जिसके तहत् थाना गैंदाटोला, छुरिया, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, ओपी चिखली, मोहारा, एवं थाना यातायात पुलिस एवं द्वारा दिनांक 22/05/2024 को आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लघंटन करने वालो के कुल 87 प्रकरण में 26,800/-रूपये समंस शुल्क कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर यातायात नियमों का पालन करने हेतु लोगों को जागरूक भी किया गया।

### परिक्षेत्रीय साहू समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए विधायक भोलाराम साहू



**छूरिया24 मई।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गैदाटोला समीपस्थ ग्राम जोशीलमती में परिक्षेत्रीय साहू समाज का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खुज्जी विधायक भोलाराम साहू थे. कार्यक्रम में अध्यक्षता भुनेश्वर प्रसाद साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ छुरिया, विशिष्ट अतिथि गीता घासी साहू अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव थे।कार्यक्रम का शुभारंभ खुज्जी विधायक भोलाराम साहू सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना आरती उतारकर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों को शाल, श्री फल भेंटकर सम्मानित किया गया। परिक्षेत्रीय साहू समाज जोशीलामती के अध्यक्ष त्रिलोचन साहू को बनाए जाने पर समस्त सामाजिक बंधुओ ने उन्हें बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से गिरधारी लाल साहू, दीनू साहू, नीलेन्द्र साहू,घासीराम साहू, हिरेंद्र साहू, भूनेश्वरी साहू, दूधनाथ साहू, त्रिलोचन साहू, तामेश्वर साहू, रामकुमार साहू, मनोहर साहू, सुकृत साहू,महेश्वरी साहू,लक्ष्मण साहू ,महेंद्र कुमार साहू समाज सेवक,कार्तिक साहू सहित सामाजिक बंधु क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### नेशनल क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में युगांतर विजेता

**राजनांदगाँव 24 मई।** भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी युगांतर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने गोवा में 18 मई से 22 मई तक आयोजित टी - 10 ओवर आर्म राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता के खिताब में कब्जा किया। विद्यालय की टीम ने मुंबई महाराष्ट्र की टीम को हराकर चैम्पियन बनने का गौरव प्राप्त किया। मुंबई महाराष्ट्र की टीम ने निर्धारित 10 ओव्हरो में 85 रन बनाए। युगांतर की टीम ने इस लक्ष्य को 4 विकेट खोकर 7 ओव्हर 5 गेंद में प्राप्त कर 6 विकेट से ऐतिहासिक जीत की इबारत लिखी। युगांतर के आयुष अग्रवाल को बेस्ट बालर तथा अंकेश अग्रवाल को बेस्ट बैट्समैन के खिताब से नवाजा गया। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता में युगांतर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए केरल, तेलंगाना , गोवा को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र , केरल, तेलंगाना और गोवा की टीमों ने भाग लिया, जिसमें युगांतर की टीम अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर विजेता बनी। युगांतर की ओर से आयुष अग्रवाल, अंकेश अग्रवाल के अलावा विशेष अग्रवाल, अभय कश्यप,यशवंत सारथी,भूयेश चतुर्वेदी, प्रज्ज्वल अग्रवाल,राहुल अग्रवाल,बिवन सराफ,प्रथम सकुनिया, आदित्य अग्रवाल ने भी अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी , सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक अकेडमिक्स तथा स्पोर्ट्स सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, क्रिकेट एसोसियेशन के सेक्रेटरी अशोक मेहरा, युगांतर के क्रिकेट कोच संतोष यादव, टीम मैनेजर नवनीत द्विवेदी सहित युगांतर परिवार ने प्रतिस्पर्धा में विद्यालय टीम के श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर बधाई।

### अज्ञात व्यक्ति ट्रेन से गिरा, घायल

**डोंगरगढ़ 24 मई।** 1 अगस्त 2023 को जटकन्हार से डोंगरगढ़ के बीच अप लाइन नंबर 926/11/-13 के पास एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन से गिर गया था जिसे घायल अवस्था मे डोंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया था यहां से उसे डी के एस रायपुर रिफर किया गया था जहां ईलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। किन्तु अब तक इसकी पहचान नहीं हो पाई है ना ही इनके किसी परिजन ने अब तक थाना डोंगरगढ़ में संपर्क किया है। मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष है और उसकी ऊंचाई 5 फिट 5 इंच, रंग गोरा, काला पीला रंग का फूल आस्तीन धारीदार शर्ट एवं नीला रंग का फूल पेंट पहना हुआ है। जिस किसी को भी इनके बारे में कोई जानकारी मिलती है तो वो थाना डोंगरगढ़ के 07823232600, पुलिस कंट्रोल रूम 07744286622 या फिर पुलिस कार्यालय राजनांदगांव के 07744226399 में सूचना दे सकते है।



# 15 मोटरसाइकिल के साथ चोर गिरोह को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मगरलोड 24 मई।** मगरलोड पुलिस ने एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भांडा फोड़ कर के दो नाबालिग सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है पुलिस के मुताबिक पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि देशी शराब भट्ठी के पास 04 संदिग्ध व्यक्ति दो अलग-अलग बिना नंबर के मोटरसाइकिल को बेचने के लिये ग्राहक तलाश रहे है, सूचना पर 04 संदिग्ध व्यक्तियों को थाना लाकर पूछताछ करने पर आरोपीयों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुये बताये कि ग्राम कुण्डेल फिंगेश्वर से दो नग हीरो पैसन प्रो, फिंगेश्वर से होण्डा लियो,अकलवारा छुरा से होण्डा स्पलेण्डर, महासमुंद से हिरो एचएफ डिलक्स, माना रायपुर से दो नग सुपर स्पलेण्डर, तरींघाट फिंगेश्वर से बजाज प्लेटिना, नयापारा राजिम से एक हिरो एचएफ डिलक्स एंव दो नग बजाज प्लैटिना, ग्राम टेकारी सड्डू रायपुर से एक एक्टिवा स्कूटी, ग्राम कस से एक पैसन प्रो मोटर सायकल को चोरी कर मोटर सायकल का पहचान छुपाने के लिये मोटर सायकल कर नंबर प्लेट निकालकर



इस्तेमाल किया जा रहा था जिसे बेचने के लिये ग्राहक तलाशते पुलिस के हत्थे चढ़ गया, पुलिस ने चोरी के 15 मोटर सायकिल को जप्तकर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। एवं दोनों नाबालिग बालक को किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया जा रहा है। जप्त वाहन में कुछ मोटर सायकलों के मालिकों का नाम पता अज्ञात होने से धारा 41 (1+4) दप्रस./ 379,201,34 भादवि. का इस्तगाशा तैयार कर वाहन स्वामी की पतासाजी की जा रही है,एवं आस पास के भी जिले के थानों में दर्ज अपराध के सबंध में भी पता लगाई जा रही है। आरोपी राम सोनवानी पिता स्व. धनीराम सोनवानी उम्र 34 वर्ष साकिन ग्राम बेलरदोना थाना मगरलोड जिला धमतरी (छ.ग.) 2 सोमन सोनवानी पिता आनंद सोनवानी उम्र 19 वर्ष साकिन ग्राम परसदा कला थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद (छ0ग0) एवं दो विधि से संघर्षरत बालक भी रहे शामिल। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जगत, प्र0आर दीनु मारकण्डे, सउनि नेहरू राम साहू एवं आरक्षक नवीन टंडन, गोविंदा घृतलहरे, विमल पटेल, राजेन्द्र कतलम, नरेन्द्र बंजारे, गजानंद साहू, अजय गिरी, विद्या गजपाल का सराहनीय योगदान रहा।

# हत्या का फरार सह आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव 24 मई।** प्रकरण सदर में प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 11.03.2024 को मेरा लडका किशन साहू उर्फ झिल्ली अपने दोस्तों के साथ मो0सा0 से काई तालाब की ओर गया हुआ था जहॉ पर करीबन 03 बजे दोपहर रोहित, हरसु, अम्मु यादव, विन्नु तलकई व अन्य मिलकर मेरे लडके किशन साहू उर्फ झिल्ली को पुरानी रंजिश को लेकर मॉ बहन की गाली गलौच करते हुए जान से मारने के लिए चाकु, हाकी स्टीक, डण्डा से घेरकर मारपीट किये, चाकु से सीना, पेट, पीठ, पर प्राणघातक चोट लगने से ईलाज हेतु भर्ती किये थे जहॉ उसकी मृत्यु हो गयी कि रिपोर्ट पर धारा 302,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर मामले में आरोपी अमित यादव, हर्षु बघेल, रोहित मंडावी को गिरप्तार कर लिया गया था अन्य आरोपी फरार थे आरोपियो की पतासाजी हेतु श्रीमान् पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में राजनांदगांव चैकी चिखली पुलिस की टीम गठित कर फरार सह आरोपियों की पता साजी हेतु लगातार दबिश दिया जा रहा था जो कि आज दिनांक 23.05.2024 को विश्वस्त मुखबीर की सुचना पर प्रकरण के सह आरोपी मानव कन्हैया पिता कमलेश कन्हैया उम्र 25 साल निवासी जमातपारा राजनांदगांव को गुरूनानक चैक से घेराबंदी कर पकडा गया पुछताछ करने पर आरोपी मानव कन्हैया द्वारा घटना घटित करना स्वीकार कर घटना में प्रयुक्त डंडे को जप्त कराया आरोपी को विधिवत गिरफतार कर माननीय न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया, प्रकरण के अन्य फरार सह आरोपियों की पतासाजी की जा रही है । उक्त कार्यवाही में चैकी प्रभारी चिखली उप निरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, सउनि शत्रुहन टण्डन, आर0 मनोज जैन, सिन्धु सिन्हा, राजकुमार बंजारा, कमल साहु का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।



# जिले के किक बाक्सरों ने जीते 27 स्वर्ण, पांच रजत एवं तीन कांस्य पदक

**कोरबा 24 मई।** छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के मार्गदर्शन में रायपुर जिला किकबाक्सिंग एसोसिएशन एवं सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में जूनियर, सीनियर एवं मास्टर्स केटेगरी बालक बालिकाओं तथा महिला पुरुष की राज्य स्तरीय किकबाक्सिंग स्पर्धा का आयोजन किया गया। रायपुर में आयोजित इस स्पर्धा के संबंध में छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगनलाल मुंदड़ा एवं कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के 16 जिलों के लगभग 250 बालक बालिका, महिला- पुरुष किकबाक्सिंग खिलाड़ियों एवं आफिसियल ने अलग अलग वजन वर्ग के अंतर्गत प्वाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट, किक लाइट,म्यूजिकल फार्म्स, क्रिएटिव फार्म्स , फूल कांटेक्ट, लो किक,के वन के इवेंट्स में हिस्सा लिया। एसोसिएशन के महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी लोकेश कावड़िया अध्यक्ष एनजीओ प्रकोष्ठ, विशिष्ट अतिथि अमित सिंह वेदांता कंपनी उपस्थित रहे। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि नंदन जैन कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के सीईओ बशीर अहमद खान एवं राजीव अग्रवाल डायरेक्टर आरती ग्रुप ने सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि नंदन जैन ने कहा कि व्यक्तित्व के विकास में खेलों की अहम भूमिका होती है, साथ ही खिलाड़ियों का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को सतत अभ्यास करते रहने हेतु प्रेरित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अंकुश लाल यादव, अशोक साहू, प्रभात साहू, विकास साहू, सोमेश साहू, श्रेया शुक्ला,जीनत अली, पूर्णा साहू, आदित्या पाल ने स्वर्ण पदक तथा विक्की, पुष्पराज राजवाड़े,सिद्धि सोनवानी,जगदीश यादव, जीनत ने रजत पदक पदक एवं राम तिवारी, आस्था गुप्ता, निशांत ने कांस्य पदक जीता।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने ममता बनर्जी का पुतला फूंका

**राजनांदगांव 24 मई।** जिला भारतीय जनता पार्टी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मानव मंदिर चैक में आज शाम पुतला दहन किया। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कोलकाता उच्च न्यायालय ने संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत गलत ढंग से पिछड़ा वर्ग के कोटे में अल्पसंख्यक वर्ग के मुसलमानों को ममता बनर्जी द्वारा दिये गये आरक्षण को रद्द कर दिया हैं।

न्यायालय के इस फैसले को ममता बनर्जी ने मानने से इंकार कर दिया है, जो न्यायालय की अवमानना है। इसके विरोध में देशभर में आज भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने ममता बनर्जी का पुतला दहन कर विरोध प्रकट किया है। इस संदर्भ में स्थानीय मानव मंदिर चैक में जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी के खिलाफ नारे लगाते हुये उनका पुतला दहन किया व उन पर संवैधानिक कार्यवाही की मांग की। इस दौरान अनुराग चैरसिया, राजेश बिसने, माधव साहू, संदीप सोनी, विजय कुमार सिन्हा, विजय सिन्हा, सुशील गुप्ता, मनोज ढीमर, सोनू यादव, मधु बैद, मनोज हिरवानी, तोरन देवांगन,राजेश यादव, एन.के.साहू,आकाश चोपड़ा, भीषम देवांगन, अशोक खंडेलवाल, भरत वर्मा, ईश्वर निर्मलकर,प्रमोद साहू, गप्पू सोनकर, अजीत जैन, विजय राय, सतीश धीवर, विजय देवांगन, देवशरण सेन, विनोद श्रीरंगे, सुन्दर पोददार, लल्लू यादव, हितेश कोटक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों ने संविधान की मूल भावना के साथ खिलवाड़ किया: किरण देव

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस कथन का तीखा प्रतिकार करते हुए न्यायालय की खुली अवहेलना करार दिया है, जिसमें ममता बनर्जी यह कहती नजर आ रही हैं कि मैं कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करूंगी, बंगाल में मुसलमानों को ओबीसी आरक्षण देना नहीं छोड़ूंगी। श्री देव ने आरक्षण को लेकर दिए गए एक ऐतिहासिक फैसले के बाद बनर्जी के वायरल हुए वीडियो का हवाला देकर कहा कि ममता बनर्जी का कथन न केवल संविधान की आत्मा को लहूलुहान करने वाला है, अपितु इससे यह भी एकदम साफ हो गया है कि संविधान और आरक्षण के नाम पर झूठा प्रचार करके कांग्रेस और भाजपा विरोधी दल देश को भ्रमित करने का शर्मनाक कृत्य कर रहे हैं।

### विकसित भारत के लिए एल्यूमिनियम निर्माण का कार्य

# बालको ने कर्मचारियों की देखभाल की संस्कृति को बनाया उत्कृष्ट

**कोरबा 24 मई।** बालको में 18 साल से काम कर रहा हूं। मेरे लिए यह आज भी उतना ही रोमांचक है जितना यहां मेरा पहला दिन था। ये शब्द बालको के पॉटलाइन में काम करने वाले कृष्ण श्रीवास के हैं। उन्होंने आगे बताया कि यहां मैं अपने पत्नी और बच्चों के साथ रहता हूं। विकसित भारत के लिए एल्यूमिनियम निर्माण का कार्य कर रहा हूं। मेरे बच्चों को बालकोनगर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। यहां काम करने के साथ परिवार को मिलने वाली सभी सुविधाओं से उन्हें खुश और संतुष्ट देखकर मुझे शांति मिलती है। परिवार के बारे में बताते हुए उनके चेहरे पर मुस्कान साफझलक रही थी। रमेश बघेल ग्रीन एनोड प्लांट में काम करते हैं उन्हें बालको में कार्य करते हुए 18 वर्ष हो गए हैं। उन्होंने कंपनी में अपनी यात्रा पर बताया कि हमें हर संभव तरीके से काम करने और कौशल को विकसित करने के लिए यहां पर्याप्त अवसर प्रदान किये गये। कंपनी हमारे लिए समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है। प्रशिक्षण से हम कौशल में परिपूर्ण होते हैं जो हमें अपनी भूमिकाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मददगार साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि सीखने के अवसर कर्मचारियों को कार्यस्थल में उनकी उत्पादकता को अधिकतम करने के लिए मजबूत आधार प्रदान करते हैं जिसकी वजह से बालको में काम करना पसंद है।

मुस्कान लखानी 2 साल से सेंट्रलाइज्ड सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर (सीएसओसी) में शिफ्ट प्रभारी के रूप में कंपनी में सहयोग दे रही हैं। उन्होंने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में एक महिला के रूप में चैबीस घंटे सुरक्षा सुनिश्चित करने में बहुत गर्व महसूस करती हूं। एल्यूमीनियम उत्पादक बालको नवीनतम तकनीकी प्रगति की मदद से अपने सभी कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित और सहायक वातावरण सुनिश्चित किया है। कंपनी डेटा एवं व्यक्तिगत सुरक्षा दोनों में सुरक्षित और सहायक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध। जागीरथी दिवाकर 6 वर्षों से अधिक समय से गैरेज में तकनीशियन हैं। दिवाकर जी अपने चेहरे पर गर्व भरी मुस्कान के साथ कहते हैं कि बालको अनुभवी कर्मियों के प्रशिक्षण सत्रों के साथ सुरक्षा के लिए सेफ्टी फर्स्ट दृष्टिकोण अपनाता है। इस पहल से मशीनरी के उचित और सुरक्षित उपयोग से लेकर खतरे की पहचान और आपातकालीन प्रक्रियाओं तक सब कुछ शामिल होता है। वे यह सुनिश्चित करने के लिए नवीनतम तकनीक में निवेश करते हैं कि हमारे पास सुरक्षित और कुशलतापूर्वक कार्य करने के लिए आवश्यक सभी चीजें मौजूद हैं। बालको में बहुत सारी सुविधाएं वेतन से भी बढ़कर हैं जो हमारे लाइफ स्टाइल को उच्चस्तरीय बनाया है। जिसमें अवकाश सुविधा के साथ सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए एक अच्छी तरह से डिजाइन की गई स्वास्थ्य देखभाल योजना शामिल है। पॉटलाइन से रोहित कुशवाहा ने बताया कि शॉप फ्लोर पर काम करते हुए उन्हें 2 साल हो गए। इस अनुभव के साथ पॉटरूम प्रक्रिया के सभी तकनीकी कार्यों को भी संभाल सकता हूं। कंपनी की समावेशी कार्यस्थल संस्कृति एक सकारात्मक और सहयोगात्मक कार्यशैली को बढ़ावा देती है जिससे कर्मचारी आगे बढ़ पाते हैं। विश्वस्तरीय मानव संसाधन संचालन के अनुरूप कंपनी सभी कर्मचारियों को पर्याप्त अवसर प्रदान करती है। विविध कार्यबल एक गतिशील और अभिनव कार्य वातावरण में योगदान करने के लिए अमूल्य अंतर्दृष्टि और प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करता है जो अच्छा बदलाव है। वह अपने आसपास की कार्य संस्कृति और परिवेश के बारे में विस्तार से बताते हैं। बालको सभी कर्मचारियों के लिए उनकी प्रतिभा एवं क्षमता को अधिकतम करने के अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिससे हमारे लिए बेहतर कार्य अनुभव सुनिश्चित हो सके।

## समाचार संक्षेप

### ई-रिक्शा-ऑटो चालकों को यातायात नियमों का पालन करने प्रेरित किया



**राजनांदगांव 24 मई।** 23 मई को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कुमार खेस की उपस्थिति में शहर में यातायात का दबाव, ट्रैफिक जाम एवं प्रतिदिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर ई-रिक्शा, ऑटो चालकों का यातायात कार्यालय राजनांदगांव में मीटिंग लिया गया। जिसमें समस्त ई-रिक्शा, ऑटो चालकों को समझाईश दिया गया कि शहर में निर्धारित पार्किंग स्थल में ही वाहन पार्किंग करें, प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन न चलायें एवं सवारी बैठाते समय कही भी वाहन खड़ी न करें, निर्धारित संख्या में ही सवारी बैठाये एवं चालक के बगल में सवारी न बिठायें एवं दुर्घटना से बचे। यातायात नियमों का पालन नही करने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही किया जायेगा। यातायात पुलिस राजनांदगांव की सभी यात्री वाहन चालकों से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें, सड़क दुर्घटना एवं असुविधा से बचें।

### अवैध शराब के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई



**राजनांदगांव 24 मई।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के निर्देशन पर जिलेभर में अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिये असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सत्त अभियान के तहत जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके तहत दिनांक 22.05.2024 को कोतवाली पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के कब्जे से 49 पौवा देशी शराब कीमती 4410/-रूपये, बिक्री रकम 5700/- रुपए, बसंतपुर पुलिस द्वारा 34(1) के 02 प्रकरण में 02 आरोपी के कब्जे से 32 पौवा देशी शराब कीमती 2880/-रूपये, बिक्री रकम 280/- रुपए, गैंदाटोला पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के कब्जे से 288 पौवा देशी प्लेन महाराष्ट्र निर्मित कीमती 20160/-रूपये एवं 180 नग बियर कीमती 32400/- रुपए, डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 34(2) के 02 प्रकरण में 03 आरोपी के कब्जे से 67 पौवा देशी/ विदेशी शराब कीमती 7,430 /-रूपये एवं छुरिया पुलिस द्वारा 36 (च) के 01-01 प्रकरण कुल 07 प्रकरणों पर आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही। इस प्रकार जिले में दिनांक 22.05.2024 को कुल 07 प्रकरणों में 08 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों के कब्जे से 436 पौवा देशी/ विदेशी व देसी प्लेन महाराष्ट्र निर्मित शराब 34880/-रूपये, 180 नग बियर 32400/- रुपए एवं बिक्री रकम 13280/-रुपए एवं परिवन में प्रयुक्त वाहन 01 रीड़ कार कीमती 300000/-रूपये जुमला कीमती 380560/-रूपये जप्त किया गया।

### विधायक पुरन्दर मिश्रा ने स्वदेशी खादी महोत्सव का शुभारंभ किया



**रायपुर 24 मई।** 'स्वदेशी में समर कलेक्शन की भरमार' स्थानी छत्तीसगढ़ हाट, पंडरी, रायपुर में स्वदेशी खादी महोत्सव का भव्य शुभारंभ हो रहा हैं जो 28 मई से 04 जून 2024 तक हैं, जिसमें भीषण गर्मी और कड़ाके की धूप को देखते हुए समर कलेक्शन का ज्यादा रेंज रखा गया है। इस प्रदर्शनी में अन्य उपयोगी वस्तुओं के साथ-साथ मेरठ के खादी कुर्ते, सूती साड़ीया, सूती सूट, तोलिया, कुर्ते- पजामे, क्रोकरी, कारपेट, फर्नीचर पीतल की मूर्तियां सहित हजारों वस्तुओं का अपार संग्रह एक ही छत के नीचे छत्तीसगढ़ हाट पंडरी में शहरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना है। प्रदर्शनी सीमित दिनों तक के लिए है प्रदर्शनी का समय सुबह 11-00 से लेकर के रात्रि के 10-00 बजे तक है संचालक अनुराग मिश्रा ने आह्वान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आए और प्रदर्शनी मं मिल रहे हथकरघा /हस्तशिल्प उत्पादों के साथ-साथ विशेष छूट का लाभ उठाएं। हथकरघा की वस्तुओं पर 10 प्रतिशत तथा हस्तशिल्पी वस्तुओं पर 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है।

संपादकीय

## इससे पता चलता है कि सरकार गंभीर है

आदमी,परिवार व सरकार के काम करने के तरीके से पता चलता है कि वह जिस काम को कर रहे हैं, उसके प्रति कितने गंभीर है। वह सफलता चाहते हैं या नहीं। महज काम करते हुए दिखना चाहते हैं।ताकि जनता के बीच कहने की स्थिति में तो रहें कि देखों हमने तो निरंतर काम किया है। बहुत से लोग होते हैं, बहुत से परिवार होते हैं, कई सरकारें होती है जो काम तो बहुत करती है, लेकिन सफलता काम के हिसाब से नहीं मिलती है तो पता चल जाता है आदमी, परिवार व सरकार काम के प्रति गंभीर नहीं है, वह महज काम करने का दिखावा कर रही है।छत्तीसगढ़ में नक्सली समस्या का हल तो हर सरकार करने का प्रयास करती रही है,दावा करती है कि उसने इस काम के लिए कितने पैसे खर्च किए, कितना समय लगाया लेकिन किसी को कोई खास सफलता इसलिए नहीं मिली कोई भी नक्सलियों के सफाया नहीं चाहता था या कोई भी नहीं मानता था कि नक्सलियों का सफाया संभव है। छत्तीसगढ़ में दोनों तरह की सरकारें हुई हैं। एक तो ऐसी सरकार थी जो नक्सलियों का सफाया चाहती ही नहीं थी, इसलिए वह जब सत्ता में रही तो नक्सलियों के सफाए का दिखावा करती रही। दूसरी सरकारे ऐसी हुईं जो मानती थी कितना भी प्रयास किया जाए, नक्सलियों का सफाया संभव नहीं है, इसलिए वह कभी सोचती ही नहीं थी नकसलियों का सफाया हो सकता है तो कैसे हो सकता है। नक्सलियों के सफाए के लिए गंभीर प्रयास छत्तीसगढ़ में साय सरकार के सत्ता मेंआने के बाद शुरू हुए हैं। साय सरकार के समय दो महीनें में कई सफल आपरेशन चलाकर नक्सलियों को मार कर बता दिया गया है कि नक्सलियों के सफाए के लिए इस तरह के आपरेशन बहुत जरूरी हैं। साय सरकार के समय आपरेशन की सफलता से ही लोगों को लग गया कि यह सरकार वाकई में छत्तीसगढ़ से नक्सलियों के सफाए के लिए गंभीर है, साढ़े चार महीनें में 112 नक्सलियों का मार देना ही इस बात प्रमाण है कि सरकार चाहे नक्सलियों को मार गिराना हो लेकिन वह उनके सफाए के लिए गंभीर है। सरकार नक्सलियों के सफाए की गंभीरता का जितना एहसास राज्य की जनता को हुआ है, उससे ज्यादा नक्सलियों को हुआ है कि यह सरकार वाकई में हमारे सफाए के लिए गंभीर है। इसका परिणाम यह हुआ है कि जितने नक्सली मारे जा रहे हैं, जितने नक्सली गिरफ्तार किए जा रहे हैं, उससे ज्यादा नक्सली सरेंडर कर रहे हैं। रोज नक्सलियों के बड़ी संख्या में सरेंडर किए जाने से ही साफ हो जाता है कि नक्सलियों में मारे जाने का जितना खौफ आज है, उनता डर तो इससे पहले किसी सरकार में नहीं था। साय सरकार के समय ही पहली बार ऐसा लग रहा है कि नक्सली मारे जाने से डरे हुए हैं। उन्हें डर है कि अचानक पुलिस व जवान उन्हें कभी भी,कहीं भी घेर लेंगे और मार देंगे। यह डर पहले राज्य के नक्सलियों मे नहीं रहता था इसलिए वह बेखौफ होकर काम करते थे। उनसे सरकार व पुलिस कितना भी सरेंडर करने को कहे नहीं करते थे। अब नक्सली पहले से ज्यादा सरेंडर कर रहे हैं तो सरकार भी चाहती है कि अगर बिना खूनखराबे को नक्सल समस्या का हल मात्र सरेंडर से हो सकता है तो यह अच्छी बात है। सारे नक्सली सरेंडर कर दें तो नक्सली समस्या का हल तो जल्द ही निकल सकता है। इसी वजह से सरकार की तरफ से कहा गया है नक्सली अपने लिए कैसी पुनर्वास नीति चाहते हैं, वह आन लाइन सरकार को बताएं। इस तरह के सुझाव नक्सलियों से ही मांग कर सरकार ने यह फिर एक बार साफ कर दिया है कि वह नक्सली समस्या का समाधान शांति से हो जाए तो ऐसे भी चाहती है। सारे नक्सली कैसा पुनर्वास चाहते है,यह सरकार जानना चाहती है, हो सकता है कि सरकार की पुनर्वास नीति में कोई खामी हो वह नक्सलियों से सुझाव के आधार पर नई पुनर्वास नीति बनाना चाहती है और चाहती है कि ज्यादा से ज्यादा नक्सली जल्दी से जल्दी सरेंडर कर दें। सरकार ने नक्सलियों को दो विकल्प दिए हैं, सरेंडर करो और जैसा पुनर्वास चाहते हो वैसा पुनर्वास सरकार कर देगी। या फिर मुठभेड़ में गोली खाकर मरने के लिए तैयार रहो। अब यह नक्सलियों पर है कि वह क्या चाहते हैं। साय सरकार राज्य की पहली ऐसी सरकार है जो हर तरह से नक्सलियों का सफाया करने को तैयार है। जिस तरह नक्सली चाहेंगे, राज्य उसी तरह नक्सली समस्या का समाधान करने को तैयार है। इसके बात कोई इसबात की शिकायत नहीं कर सकेगा कि साय सरकार ने किसी को सरेंडर का मौका नहीं दिया। मजबूत सरकार ऐसी ही होती है। वह हर तरह से समस्या का समाधान करने तत्पर रहती है।

चर्चित मुद्दा

# हिट एण्ड रन रोकने एआई तकनीक और पारदर्शी व्यवस्थाएं जरूरी

ऋतुपर्ण दवे



पुणे हिट एण्ड रन मामले के बाद एक बार फिर पूरे देश में इस संबंधी कानून और नियंत्रण पर नई बहस छिड़ गई है। इस दर्दनाक घटना के आरोपी को नाबालिग बताकर कानून की खामियों या कमियां, दोनों का भरपूर लाभ दिया गया। वह तो देश व्यापी जन आक्रोश को देखकर फैसला बदला गया वरना जिम्मेदारों ने तो अपना फर्ज निभा ही दिया था। निश्चित रूप से ऐसे मामले चर्चाओं में क्यों आते हैं बिना कुछ कहे सब एकदम साफ है। अब एक बार फिर कानून में सुधार पर नए सिरे से सोचना होगा। आरोपी की मंशा और दुर्घटना की परिस्थितियों तथा यदि उपलबध है तो डिजिटल साक्ष्य को ध्यान में रख कार्रवाई के लिए प्रभावी व पारदर्शी सुधारों की दरकार महसूस होने लगी है। यह यकीनन बड़ी चुनौती है लेकिन दोष-निर्दोष और अनजाने हुई दुर्घटना के बीच की महीन लकीरों को बिना मिटाए या प्रभावित किए, प्रभावी कार्रवाई चुनौती भी है और जरूरी भी। पुणे दुर्घटना में अकाल मृत्यु के आगोश में समाए 24-24 बरस के अनीस अवधिया और अश्विनी कोस्टा तो वापस नहीं आएंगे लेकिन दुर्घटना उपरान्त पूछताछ के नाम पर पुलिसिया सवालों से आहत पीड़ित परिवार का दर्द जरूर बड़ा सवाल है। जिम्मेदारों और माननीयों को इस पर भी सोचना होगा। वहीं बड़ा सवाल उस बिगड़ैल रईसजादे का है जिसे नाबालिग होते हुए भी पिता ने मंहगी गाड़ी चलाने कैसे दी? जबकि पता था कि न रजिस्ट्रेशन है और न औलाद के पास लाइसेंस। इसे अमीरी का रुतबा कहें या व्यवस्थाओं पर तमाचा जो पुणे जैसे शहर में पैसों की खुमारी से नाबालिग बिना नंबर की गाड़ी 200 किमी की रफ्तार सड़क पर चला नहीं उड़ा रहा था? आखिर दो बेकसूरों को उड़ाने का दोषी सिर्फ नाबालिग ही नहीं उसका पिता भी बराबर का है! ऐसे हिट एण्ड रन देश में चर्चाओं में रहते हैं। दो-चार दिन हो-हल्ला के बाद शांत भी हो जाते हैं। लेकिन न तो दुर्घटनाएं रुकती हैं और न ही सड़कों पर वाहन दौड़ाने वाले रईसों में कोई डर दिखता है। हां, साधारण लोग जरूर कानून, कायदे के जंजाल में फंस जाते हैं या फंसा दिए जाते हैं क्योंकि वो रईस नहीं होते। यहां कानपुर के उस मामले के भी चर्चा जरूरी है जिसमें एक नामी डॉक्टर के केवल 15 बरस के नाबालिग औलाद ने अक्टूबर 2023 में तेज रफ्तार गाड़ी चलाते हुए सागर निषाद और आशीष रामचरण नाम के दो बच्चों को रौंद मार डाला। कानून का माखौल कहें या जिम्मेदारों की छत्रछाया जो दोबारा 31 मार्च 2024 को इसी बिगड़ैल ने 4 लोगों के ऊपर फिर कार चढ़ा दी। तब भी कानूनी खानापूर्ति में मामूली धाराओं में पुलिस ने प्रकरण बनाया और आरोपी बेलगाम घूमता रहा। लेकिन पुणे की घटना के बाद शायद पुलिस की आत्मा जागी या डरी पता नहीं, दोनों मामलों पर एकाएक सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपी नाबालिग और उसके डॉक्टर पिता को भी 6-7 महीने बाद आरोपी जरूर बना लिया। हैरानी की बात है कि तब भी यही कानून थे और अब भी वही कानून हैं। लेकिन पुलिस का रवैया अलग-अलग विचारणीय है? पुणे घटना का एक दूसरा पहलू भी है। आरोपी नाबालिग ने दोस्तों संग दो पबों में 69 हजार रुपयों का जाम छलकाया जिसके सबूत भी मिले। लेकिन हैरानी है कि मेडिकल रिपोर्ट निगेटिव आई? अब पुणे में अवैध पब ढ़हाए जा रहे हैं यह जिम्मेदारों को पहले क्यों नहीं दिखे? कैसे नाबालिगों को शराब परोसी गई? कानून की धज्जियों उड़ाने वाले सवालों की श्रंखला में कई कड़ी हैं। दुर्घटना करने वाली 2 करोड़ से ज्यादा की पोर्स कार के रजिस्ट्रेशन के बारे में महाराष्ट्र ट्रांसपोर्ट विभाग का हैरान कर देने वाला खुलासा सामने आया। महज 1,758 रुपये की फीस नहीं चुकाने से कार का रजिस्ट्रेशन मार्च से पेंडिंग था और विभाग खामोश। अब कहा जा रहा है कि आरोपी का ड्राइविंग लाइसेंस उम्र 25 साल पूरा तक नहीं बनेगा। लेकिन यह क्यों नहीं कोई बताता कि बिना लाइसेंस रईसजादा कैसे सड़क पर बेखौफ होकर फर्राटे भर रहा था? क्या रईसजादों को लाइसेंस



की जरूरत नहीं होती? क्या रईसजादों पर उम्र का बंधन नहीं होता? कानून के रक्षकों के शायद इसी दोहरे रवैये से रईस नाबालिगों के हिट एण्ड रन के हैरान करने वाले मामले सामने आते हैं जो आम लोगों से भेदभाव करते हैं। लगता नहीं कि अपराध की गंभीरता देखी जानी चाहिए न कि उम्र? नए दौर में कानून में ऐसे सुधारों की दरकार है जिसमें आयु की जगह अपराध की गंभीरता और मंशा अहम हो। नाबालिगों के ऐसे-ऐसे अपराध सामने आने लगे हैं जो चिंताजनक हैं। लूटपाट, हत्या, गैंग रैप, धमकाना और वो साइबर अपराध जिन्हें करते वक्त नाबालिग कैसे बड़ों-बड़ों को मात देता है। तब उसका अपराध नहीं नाबालिग होने का आधार कैसे छूट कारण हो? भारत में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े चिंताजनक हैं। केवल 2022 के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो रोजना 1264 सड़क दुर्घटनाओं में 462 लोगों की मृत्यु हुई जो हर घंटे के लिहाज से 53 दुर्घटनाओं तथा 19 मौतों का है। यह विस्तार से लिखने का विषय है। उन्नत तकनीक का दौर है। गांव-गांव ऑप्टिकल फाइबर के जंजाल से लेकर हर कहीं सैटेलाइट्स की जद है। टोलब्रिज पर फास्टटैग से भुगतान और वाहन के सारे डिटेल्स सर्वर को चंद सेकेण्ड में मिल जाते हैं। अब असंभव भी नहीं कि हर शहर, कस्बे, सड़क, राजमार्ग पर इसी तर्ज पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ संचालित हाई रिजॉल्यूशन स्पीड ट्रैप कैमरे, सेंसर व जरूरी उपकरण लगें, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर वक्त-बेवक्त ड्रोन कैमरों से सतत निगरानी हो। सारा कुछ जिम्मेदार विभाग या शहर, नगर, कस्बे, पंचायत व स्थानीय पुलिस थानों में बड़े स्क्रीनों पर देखा जा सके। पुलिस को बजाए सड़कों पर खड़ा करने नियंत्रण कक्ष से ही सारी गतिविधियां ऑन कैमरा परखी, जांची जाएं। एआई तकनीक का ऑटोमेटिक एलार्म सिस्टम भी संदिग्ध, ओवर स्पीडिंग, बिना नंबर, बिना हेलमेट, या बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन निष्पक्षता व पारदर्शिता से ट्रैप कर पलक झपकते चाहे शहर हों या राजमार्ग, सारी सूचनाएं सर्वर, करीबी गश्ती दल, थाने या नाके तक पहुंचाएं। जरा सी भी आशंका पर अगले ठिकाने में संदिग्ध या कानून तोड़ता वाहन भी डिजिटल प्रमाणों के चलते जद में होगा। ऐसी निगरानी का भरपूर प्रचार हो ताकि सड़कों पर सबको पता हो कि वो तकनीक के जद में है। महानगरों की तर्ज पर ऐसे संसाधनों का इस्तेमाल एक बार के निवेश जैसा है जिसे थोड़े से बजट से हर महीने मेन्टेन या अपडेट किया जा सकेगा। लगता नहीं कि यह अत्याधुनिक तकनीकों का दौर है। नियंत्रण कक्षों में उन्नत यंत्रों से आ रही सूचनाओं को देखना, जांचना और कार्रवाई संबंधी प्रणाली विकसित करना चाहिए ताकि कोई भी बेखौफ, रसूखदार, नशेड़ी, अपराधी एआई की निगाह से न बच पाए। रिकॉर्ड की नियमित उच्च स्तरीय ऑडिट, जांच-परख भी हो ताकि भेदभाव की गुंजाइश न रहे। यकीनन संजय रूपी तीसरी आँख बिना भेदभाव काम करेगी जिसकी जद में सब होंगे तो क्या राजा, क्या रंक सबको अपनी हदों या औकात का पता होगा। लगता नहीं कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं या हिट एण्ड रन को रोकने के लिए यही सस्ता, प्रभावी और निष्पक्ष उपाय ही कारगर हो सकता है?

## आज का राशिफल

मेष राशिःआज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। कोई बड़ा और अलग काम करने से आपको बचना चाहिए। किसी मामले को आपको बातचीत और शांति से सुलझाने की कोशिश करना चाहिए। साथ ही आप संवेदनशील भी हो सकते हैं। परिवार वालों के साथ अधिक-से-अधिक समय बितायेंगे। आज कुछ मामलों पर आप विचार कर सकते हैं। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा।

वृष राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपकी कई योजनाएँ समय से पूरी हो जाएँगी। परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल कर लेंगे। किसी कठिन परिस्थिति में आपको कुछ लोगों से आसानी से मदद मिल जायेगी। आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी। पुराने दोस्तों से मुलाकात होगी। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। सोचे हुए काम पूरे होंगे।

मिथुन राशिःआज आपका दिन अच्छा रहेगा। दोस्तों के साथ घूमने की प्लानिंग कर सकते हैं। आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। इस राशि के मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर है। आपके परिवार में सुख-सौभाग्य बढ़ेगा। जीवनसाथी के साथ ज्यादा समय बिताने की कोशिश करेंगे। ऑफिस में उच्चधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। कुछ नये विचारों पर भी काम कर सकते हैं।

कर्क राशिः आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को पैसों के मामलों में लाभ हो सकता है। आज रोज की अपेक्षा ऑफिस में काम आसानी से पूरा हो सकता है। साथ ही बॉस आपकी परफॉरमेंस से खुश होकर आपको कोई अच्छा-सा गिफ्ट कर सकते हैं। संतान पक्ष से सुख प्राप्त होगा। दूसरों की जरूरतों को पूरा करने की आप कोशिश करेंगे। आपकी ऊर्जा से लोग प्रभावित हो सकते हैं।

सिंह राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को उम्मीद से ज्यादा लाभ मिलेगा। ऑफिस में आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा। दूसरे लोग आपकी योजना से काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन बेहतरीन है। परिवार के लोग आपके लिए मददगार होंगे। इस राशि के जो लोग सेल्स मार्केटिंग से जुड़े हैं, उन्हें आज उन्नति के कई सुनहरे अवसर मिलेंगे।

कन्या राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। सभी काम आपके मन- मुताबिक पूरे हो सकते हैं। जरूरत से ज्यादा एकाग्रता के कारण आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। कुछ मनोरंजन के मौके मिल सकते हैं। संतान से कोई खास खुशखबरी मिल सकती है। आपको अपने वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए। किसी बात को लेकर ज्यादा जिद करने से आपको बचना चाहिए। आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा ले सकते हैं।

तुला राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात की संभावना है। निवेश के मामलें में आपको कोई नई सलाह मिल सकती है। आज लोगों की नजरों में आपकी पॉजिटिव इमेज बनेगी। कंप्यूटर के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। कुछ नए मौके आपको मिल सकते हैं। मिल कर किये गए कामों से आपको बहुत हद तक सफलता मिलने के योग है। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। कोई नई बात आप सीख सकते हैं। व्यापार में उचित लाभ की प्राप्ति हो सकती है। ऑनलाइन व्यापार कर रहे लोगों को आज कोई बड़ा ऑर्डर मिलेगा।

धनु राशिः आज का दिन सुनहरे पल लेकर आयेगा। साहित्य के क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी। दोस्तों के साथ मूवी जाने का प्लान बनायेंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर आपकी तारीफ होगी, जिससे आपका मन खुश रहेगा। जो लोग फिल्म जगत से जुड़े हैं, उनको आज कोई बढ़िया ऑफर भी मिलेगा।

मकर राशिः आज आपका दिन व्यस्तता में बीत सकता है। आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच कर सकते हैं। आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती है। जीवनसाथी के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। माता-पिता का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कुछ खास कामों में दोस्तों से मदद मिल सकती है, जिससे दोस्ती और मजबूत होगी।

कुंभ राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपके दाम्पत्य रिश्ते मधुर होंगे। रोजमर्रा के कामों से आपको फायदा होगा। कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। आपको कई नये काम करने के मौके मिलेंगे। आप दूसरों की मदद के लिये तैयार रहेंगे। परिवार में लाभ की स्थिति बनेगी। रचनात्मक काम से आपको फायदा मिलेगा। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

मीन राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कुछ लोगों की मदद से आपके काम पूरे हो सकते हैं। आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिल सकती है। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे। साथ ही वो किसी काम में आपसे सलाह भी ले सकते हैं। आप लोगों की इच्छाएं समझने की कोशिश में लगे रहेंगे। कुछ नई जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहने वाली है।

व्यंग्य

# चले बदलने..

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

वे आए दिन दूर की हाँकते हैं। उनकी मानो तो वे चुटकियों में भारत को विश्व का सरताज बना सकते हैं। अमेरिका जैसे विकसित देशों की प्रगति को व्यर्थ मानते हैं। उनकी मानो तो वे रातों रात दुनिया की रूपरेखा बदल सकते हैं। हम दोनों एक ही पाठशाला में पढ़ते थे। उसमें और मुझ में छह साल का अंतर था। किंतु उसने कभी इस अंतर को मित्रता के बीच आने नहीं दिया। जब वह पंद्रह साल का था तब वह दसवीं कक्षा पढ़ रहा था। उसी वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उसने भाषण देते हुए एक कहानी का जिक्र किया। कहानी का सार यही था कि बदलने की प्रबल इच्छा चिंगारी की भांति हमारे भीतर सुलगती रहनी चाहिए। उसने सभी से अपने-अपने गाँवों की रूपरेखा बदलने की शपथ दिलायी। भाषण इतना प्रेरक और जोरदार था कि तालियों की गड़गड़ाहट से प्रांगण गूँज उठा। उसी दिन कई गपोड़ियों ने उसका नाम हक्कड़ सिंह रख दिया। दस वर्ष बाद जब उसकी उम्र पच्चीस की हुई तो उसका विवाह हो गया। अब उसमें पहले जैसा उत्साह नहीं रहा। वह आए दिन कहता- असली जिंदगी का पता तो शादी के बाद चलता है। घर-गृहस्थी के चक्कर में जीवन कचूमर बन जाता है। वह खाक अपने गाँव को बदलेगा। वह अगर अपनी गली की दशा बदल दे तो वही काफ़ी है। जब वह पैंतीस वर्ष का हुआ तो उसे लगा कि गली की दशा बदलना भी आसान नहीं है। तरह-तरह के लोग और तरह-तरह की सोच के बीच तालमेल करना टेढ़ी खीर है। भला इन्हें कौन बदल सकता है? बदलाव, परिवर्तन आदि पर्यायवाची शब्द शब्दकोश में ही अच्छे लगते हैं। वास्तविक जीवन में इसका पालन नभ-पाताल नापने के बराबर है। उसे लगा कि गली से पहले अपने परिजनों में परिवर्तन लाना जरूरी है। अब वह पैंतालीस वर्ष का हो चला है। वह परिजनों को बदलने चला था। परिजनों ने उसकी एक न सुनी। उसे तरह-तरह के उलाहने दिए। उसे भला-बुरा कहा। एक दिन जब उसके घर के पास एक बैठक चल रही थी तो उसमें एक



पंद्रह वर्षीय बालक मेरे मित्र की भांति समाज में परिवर्तन लाने के बारे में जोर-शोर से भाषण दे रहा था। मित्र को अपना बचपन याद आ गया। उसने मेरे कंधे पर हाथ रखते हुए कहा - लो एक और मुझ जैसा दिवाना आ गया है! चला है समाज बदलने! उसे कोई समझाए कि समाज बदलना पापड़ बेलने जितना आसान काम नहीं है। यहाँ हम इतने वर्षों से बदलने के चक्कर में बूढ़े हो चले हैं। आजकल आदमी जीता ही कितना है? साठ साल की जिंदगी भी जी ले तो वह धन्य मनावे। इतने साल से हम कुछ नहीं कर पाये, भला यह खाक़ कर पाएगा? यही सब वह कर रहा था कि मंच पर लगे लाउडस्पीकर पर एक गाना चल पड़ा- हमको मन की शक्ति देना, मन विजय करें, दूसरों की जय से पहले, खुद को जय करें। यह गाना सुनने भर की देरी थी कि उसके आँखों में आँसू आ गए। उसने मुझसे केवल इतना ही कहा - शायद मैं दूसरों को तर्जनी अंगुली दिखाने से पहले खुद को दिखाता तो आज मैं कुछ और होता!

विश्लेषण

# न्याय मुहैया कराने के नए युग की शुरुआत होगी

किशन सनमुखदास भावनानी



वैश्विक स्तरपर भारत की बदलती तस्वीर नए भारत के विज़न 2047 को बल देने के लिए डिजिटल इंडिया को ध्यान में रखते हुए सीआरपीसी आईपीसी और एविडेंस एक्ट जो क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की बुनियाद है इन्हें रिप्लेस किया गया है। चूंकि संसद के दोनों सदनों में इन विधेयकों को पास किया गया था और माननीय राष्ट्रपति महोदया ने तीनों विधेयकों पर दिनांक 25 दिसंबर 2023 को देर रात हस्ताक्षर कर दिए थे, राष्ट्रपति की मंजूरी मिलते ही अब ये तीनों बिल कानून बन गए हैं। इसके बाद 1860 में बनी आईपीसी को भारतीय न्याय संहिता, 1898 में बनी सीआरपीसी को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और 1872 के इंडियन एविडेंस एक्ट को भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना गया, परंतु इन कानूनों को फिर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी,जिसकाजजमेंट दिनांक 20 मई 2024 को दो जजों की बेंच में दिया और उस याचिका को खारिज कर दिया अब इसके नोटिफिकेशन के निर्धारित टाइम 1 जुलाई 2024 से यह कानून लागू होंगे। इसलिए आज हम मीडिया पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारतीय आपराधिक न्याय के तीन कानून से नए युग की शुरुआत।अंग्रेज़ी संसद द्वारा बनाए भारतीय क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के तीन कानूनों का का युग समाप्त हुआ।तीनों नए भारतीय आपराधिक कानून से दंड नहीं बल्कि न्याय मुहैया कराने पर जोरतीनों नए कानून मील का पत्थर साबित होंगे।

साथियों बात अगर हम क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में कानूनों को रिप्लेस करने की करें तो इंडियन पीनल कोड, 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता, 2023 स्थापित हुआ, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, 1898 की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 स्थापित हुआ है। समाप्त होने वाले ये तीनों कानून अंग्रेज़ी शासन को मज़बूत करने और उसकी रक्षा करने के लिए बनाए गए थे और उनका उद्देश्य दंड देने का था, न्याय देने का नहीं अब सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब ट्रायल कोर्ट को हर फैसला अधिकतम 3 साल में देना होगा। देश में 5 करोड़ केस पेंडिंग हैं। इनमें से 4.44 करोड़ केस ट्रायल कोर्ट में हैं। इसी तरह जिला अदालतों में जजों के 25,042 पदों में से 5,850 पद खाली हैं।केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा था कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, जो सीआरपीसी को रिप्लेस करेगी, में अब 533 धाराएं रहेंगी, 160 धाराओं को बदल दिया गया है ,9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं और 9 धाराओं को निरस्त किया गया है। भारतीय न्याय संहिता, जो आईपीएस को रिप्लेस करेगी, में पहले की 511 धाराओं के स्थान पर अब 356 धाराएं होंगी, 175 धाराओं में बदलाव किया गया है, 8 नई धाराएं जोड़ी गई हैं और 22 धाराओं को निरस्त किया गया है। भारतीय साक्ष्य विधेयक, जो एविडेंस एक्ट को रिप्लेसकिया है, इसमें पहले की 167 के स्थान पर अब 170 धाराएं होंगी,23धाराओं में बदलाव किया गया है, एक नई धारा जोड़ी गई है और 5 धाराएं निरस्त की गई हैं। भारतीयआत्मा के साथ बनाए गए इन तीन कानूनों से हमारे क्रिमिनलजस्टिस सिस्टम में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। 18 राज्यों, 6 संघ शासित प्रदेशों, सुप्रीम कोर्ट, 16 हाईकोर्ट, 5 न्यायिक अकादमी, 22 विधि विश्वविद्यालय, 142 सांसद, लगभग 270 विधायकों और जनता ने इन नए कानूनों पर अपने सुझाव दिए थे गृह मंत्री ने कहाथा कि 4 सालों तक इस कानून पर गहन विचार विमर्श हुआ और वे स्वयं इस पर हुई 158 बैठकों में उपस्थित रहे। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, जो सीआरपीसी को रिप्लेस करेगी, में अब 533 धाराएं रहेंगी, 160 धाराओं को बदल दिया गया है , 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं और 9 धाराओं को निरस्त किया गया है भारतीय न्याय संहिता, जो आईपीसी को रिप्लेस करेगी, में पहले की 511 धाराओं के स्थान पर अब 356 धाराएं होंगी, 175 धाराओं में बदलाव किया गया है, 8 नई धाराएं जोड़ी गई हैं और 22 धाराओं को निरस्त किया गया है।

साथियों बात अगर हम इन तीनों पुराने कानूनों के बारे में जानने की करें तो ये तीनों पुराने कानून गुलामी की निशानियों से भरे हुए थे, इन्हें ब्रिटेन की संसद ने पारित किया था, कुल 475 जगह ग़ुलामी की इन निशानियों को समाप्त कर आज हम नए कानून आए हैं।कानून में दस्तावेज़ों की परिभाषा का विस्तार कर इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड्स, ई-मेल, सर्वर लॉग्स, कम्प्यूटर, स्मार्ट फोन, लैपटॉप्स, एसएमएस, वेबसाइट, लोकेशनल साक्ष्य, डिवाइस पर उपलब्ध मेल, मैसेजेस को कानूनी वैधता दी गई है। एफआईआर से केस डायरी, केस डायरी से चार्जशीट और चार्जशीट से जजमेंट तक की सारी प्रक्रिया को डिजिटलाइज़ करने का प्रावधान इस कानून में किया गया हैसर्च और ज़ब्ती के वक्त वीडियोग्राफी को कंपल्सरी कर दिया गया है जो केस का हिस्सा होगी और इससे निर्दोष नागरिकों को फंसाया नहीं जा सकेगा, पुलिस द्वारा ऐसी रिकॉर्डिंग के बिना कोई भी चार्जशीट वैध नहीं होगी। तीन साल बाद हर साल 33 हज़ार फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स और साइंटिस्ट्स देश को मिलेंगे, कानून में लक्ष्य रखा गया है कि दोष सिद्धि के प्रमाण को 90 प्रतिशत से ऊपर लेकर जाना है7 वर्ष या इससे अधिक सज़ा वाले अपराधों के क्राइम सीन पर फॉरेंसिक टीम की विजिट को कंपल्सरी किया जा रहा है, इसके माध्यम से पुलिस के पास एक वैज्ञानिक साक्ष्य होगा जिसके बाद कोर्ट में दोषियों के बरी होने की संभावना बहुत कम हो जाएगी। नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए आज़ादी के 75 सालों के बाद पहली बार ज़ीरोएफआईआर को शुरू करने जा रही है, अपराध कहीं भी हुआ हो उसे अपने थाना क्षेत्र के बाहर भी रजिस्टर किया जा सकेगा पहली बार ई-एफआईआर का प्रावधान जोड़ा जा रहा है, हर ज़िले और पुलिस थाने में एक ऐसा पुलिस अधिकारी नामित किया जाएगा जो गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के परिवार को उसकी गिरफ्तारी के बारे में ऑनलाइन और व्यक्तिगत रूप से सूचना करेगायौन हिंसा के मामले में पीड़ित का बयान कंपल्सरी कर दिया गया है और यौन उत्पीड़न के मामले में बयान की वीडियो रिकॉर्डिंग भी अब कंपल्सरी कर दी गई है। पुलिस को 90 दिनों में शिकायत का स्टेटस और उसके बाद हर 15 दिनों में फरियादी को स्टेटस देना कंपल्सरी होगा। पीड़ित को सुने बिना कोई भी सरकार 7 वर्ष या उससे अधिक के कारावास का केस वापस नहीं ले सकेगी, इससे नागरिकों केअधिकारों की रक्षा होगीछोटे मामलों में समरी ट्रायल का दायरा भी बढ़ा दिया गया है, अब 3 साल तक की सज़ा वाले अपराध समरी ट्रायल में शामिल हो जाएंगे, इस अकेले प्रावधान से ही सेशन्स कोर्ट्स में 40 प्रतिशत से अधिक केस समाप्त हो जाएंगे।

साथियों बात अगर हम इन तीनों नए कानूनों कीविशेषताओं की करें तो आरोप पत्र दाखिल करने के लिए 90 दिनों की समयसीमा तय कर दी गई है और परिस्थिति देखकर अदालत आगे 90 दिनों की परमीशन और दे सकेंगी, इस प्रकार 180 दिनों के अंदर जांच समाप्त कर ट्रायल के लिए भेज देना होगाकोर्ट अब आरोपित व्यक्ति को आरोप तय करने का नोटिस 60 दिनों में देने के लिए बाध्य होंगे, बहस पूरी होने के 30 दिनों के अंदर माननीय न्यायाधीश को फैसला देना होगा, इससे सालों तक निर्णय पेंडिंग नहीं रहेगा और फैसला 7 दिनों के अंदर ऑनलाइन उपलब्ध कराना होगासिविल सर्वेंट या पुलिस अधिकारी के विरूद्ध ट्रायल के लिए सरकार को 120 दिनों के अंदर अनुमति पर फैसला करना होगा वरना इसे डीम्ड परमीशन माना जाएगा और ट्रायल शुरू कर दिया जाएगा।घोषित अपराधियों की संपत्ति की कुर्की का भी प्रावधान लेकर आए हैं, अंतरराज्यीय गिरोह और संगठित अपराधो के विरूद्ध अलग प्रकार की कठोर सज़ा का नया प्रावधान भी इस कानून में जोड़ागया है शादी, रोज़ग़ार और पदोन्नति के झूठे वादे और गलत पहचान के आधार पर यौन संबंध बनाने को पहली बार अपराध की श्रेणी में लाया गया है, गैंग रेप के सभी मामलों में 20 साल की सज़ा या आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है।18 वर्ष से कम आयु की बच्चियों के साथ अपराध के मामले में मृत्यु दंड का भी प्रावधान रखा गया है, मॉब लिंचिंग के लिए 7 साल, आजीवन कारावास और मृत्यु दंड के तीनों प्रावधान रखे गए हैं। मोबाइल फोन या महिलाओं की चेन की स्नेचिंग के लिए कोई प्रावधान नहीं था, लेकिन अब इसके लिए भी प्रावधान रखा गया है।हमेशा के लिए अपंगता आने या ब्रेन डेड होने की स्थिति में 10 साल या आजीवन कारावास की सज़ा का प्रावधान किया गया हैबच्चों के साथ अपराध करने वाले व्यक्ति के लिए सज़ा को 7 साल से बढ़ाकर 10 वर्ष कर दिया गया है, अनेक अपराधों में जुर्माने की राशि को भी बढ़ाने का प्रावधान किया गया हैसज़ा माफी को राजनीतिक फायदे के लिए उपयोग करने के कई मामले देखे जाते थे, अब मृत्यु दंड को आजीवन कारावास, आजीवन कारावास को कम से कम 7 साल की सज़ा और 7 साल के कारावास को कम से कम 3 साल तक की सज़ा में ही बदला जा सकेगा और किसी भी गुनहगार को छोड़ा नहीं जाएगा।

साथियों बात अगर हम पिछले इन कानूनों में अक्सर राजद्रोह धारा के दुरुपयोग के बारे में जानने की करें तो राजद्रोह को पूरी तरह से समाप्तकिया गया है क्योंकि भारत में लोकतंत्र है और सबको बोलने का अधिकार है।पहले आतंकवाद की कोई व्याख्या नहीं थी, अब सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधियां, अलगाववाद, भारत की एकता, संप्रभुता और अखंडता को चुनौती देने जैसे अपराधों की पहली बार इस कानून में व्याख्या की गई हैअनुपस्थिति में ट्रायल के बारे में एक ऐतिहासिक फैसला किया है, सेशन्स कोर्ट के जज द्वारा भगोड़ा घोषित किए गए व्यक्ति की अनुपस्थिति में ट्रायल होगा और उसे सज़ा भी सुनाई जाएगी, चाहे वो दुनिया में कहीं भी छिपा हो, उसे सज़ा के खिलाफ अपील करने के लिए भारतीय कानून और अदालत की शरण में आना होगा। कानून में कुल 313 बदलाव किए गए हैं जो हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में एक आमूलचूल परिवर्तन लाएंगे और किसी को भी अधिकतम 3 वर्षों में न्याय मिल सकेगा।इस कानून में महिलाओं और बच्चो का विशेष ध्यान रखा गया है, अपराधियों को सज़ा मिले ये सुनिश्चित किया गया है और पुलिस अपने अधिकारों का दुरुपयोग ना कर सके, ऐसे प्रावधान भी किए गए हैंएक तरफ राजद्रोह जैसे कानूनों को निरस्त किया गया है, दूसरी ओर धोखा देकर महिला का शोषण करने और मॉब लिंचिंग जैसे जघन्य अपराधों के लिए दंड का प्रावधान और संगठित अपराधों और आतंकवाद पर नकेल कसने का काम भी किया है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि अटेंशन प्लीज! 1 जुलाई 2024 से ही लागू होंगे नए क्रिमिनल कानून-सुप्रीम कोर्ट ने इनके खिलाफ़ याचिका खारिज़ की।भारतीय आपराधिक न्याय के तीन नए कानून से दंड नहीं, न्याय मुहैया कराने के नए युग की शुरुआत होगी।नई न्याय व्यवस्था में अब ट्रायल कोर्ट को हर फैसला अधिकतम 3 वर्षों में देना होगा,इसलिए पेंडिंग केस तेज़ी से कम होने सहित अनेकों लाभ मिलेंगे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया मतगणना संबंधी जरूरी व्यवस्थ का जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 24 मई।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने आज ग्राम नाथियानवागांव के पॉलिटेक्निक स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण कर प्रत्येक व्यवस्था की सूक्ष्मता से जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर विधानसभा क्षेत्रवार मतगणना कक्ष, प्रवेश एवं निर्गम द्वार और पृथक पार्टीशन व बेरिकेडिंग आदि से अवगत हुए।आज शाम 04 बजे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ग्राम नाथिया नवागांव के पॉलिटेक्निक कॉलेज में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग कक्ष में बैठक व्यवस्था, पर्याप्त लाइट, पंखे आदि का समुचित इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत करते हुए पर्याप्त मात्रा में कूलर और ठंडे पेयजल की व्यवस्था करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी प्रकार भवन के प्रथम तल में स्थापित किए गए मतगणना कक्षों में एआरओ, काउंटिंग करने वाले कर्मचारियों एवं अभ्यर्थी व अभिकर्ताओं का पृथक प्रवेश द्वार, पार्टीशन आदि की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक ईवीएम को लाने, ले जाने के रूट का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही ईटीपीबीएस, स्केनिंग हॉल, डाक मतपत्र की गणना से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं से कलेक्टर रू ब रू हुए। उन्होंने सभी कक्षों में कूलर की व्यवस्था के साथ ड्यूटी में तैनात निर्वाचन कर्मियों एवं सुरक्षाकर्मियों के लिए पेयजल, छाया एवं शौचालय की व्यवस्था के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक मारबल ने मतगणना में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों के प्रवेश एवं रूट प्लान के बारे में विधानसभावार जानकारी दी।



तदुपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रेक्षक कक्ष में स्थापित सीसीटीवी मॉनिटरिंग की बारीकियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतगणना कक्ष और वहां तक जाने वाले सम्पूर्ण मार्ग का सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से परीक्षण किया और निर्देशित किया कि मतगणना स्थल में आने जाने वाले सभी कर्मचारियों और अधिकृत व्यक्तियों की गतिविधियों की निगरानी की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाए। इसके अलावा कलेक्टर ने मीडिया सेंटर, मंच और सुरक्षा कर्मियों के विश्राम कक्ष सहित पार्किंग स्थल का सघन निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## एक नजर

### मतगणना के लिए अतिरिक्त अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**सुकमा, 24 मई।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत विधानसभा क्षेत्र 90 कोन्टा हेतु मतगणना को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु अतिरिक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को मतगणना कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान किये जाने हेतु आदेशित किया गया है। जो मतगणना दिवस 04 जून 2024 को प्रातः 06 बजे से शासकीय पॉलीटेक्निक कुम्हाररास सुकमा में सौंपे गये कार्य का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरीस एस. के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा इस सम्बंध में जारी आदेश के मुताबिक निर्वाचन प्रेक्षक की सहायता हेतु गणना सहायक श्री दुष्यंत कौशिक व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल पोलमपल्ली, मतगणना टेबुलेशन हेतु सहायक नोडल अधिकारी श्री गोली रवि किरण जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी जिला सुकमा और इंकोर साफ्टवेयर में मतदान केन्द्रवार प्रविष्टि हेतु काउंटिंग असिस्टेंट श्री द्वारिका प्रसाद ठाकुर संगणक योजना एवं साख्यिकी कार्यालय सुकमा एवं श्री सौरभ वर्मा डाटा एन्ट्री ऑपरेटर जिला शिक्षा कार्यालय सुकमा को दायित्व सौंपा गया है।

### मतगणना दिवस पर सुकमा जिले की सभी मंदिरा दुकानें रहेंगी बंद

**सुकमा, 24 मई।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हरिस एस. के द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतगणना तिथि 04 जून 2024, मंगलवार को नगरपालिका सुकमा क्षेत्र से लगे हुये मदिरा दुकान देशी/विदेशी मदिरा दुकान सुकमा एवम् एफ.एल.-07, 02 शबरीनगर, 226 गीदमनाला जिला-सुकमा को बंद रखे जाने हेतु ÷शुष्क अवधि शुष्क दिवस÷ घोषित किया गया है। उक्त अवधि में जिला सुकमा की देशी/विदेशी मदिरा दुकान सुकमा एवम् एफ.एल. -07 कैंटीन, 02 शबरीनगर सुकमा, 226 गीदमनाला जिला-सुकमा में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### लड़की के बालिग नहीं होने के कारण टीम ने विवाह रोका

**मोहला 24 मई।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में दिनांक 23 मई को जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में होने जा रहे बाल विवाह को वधु नाबालिक होने के कारण महिला एवं बाल विकास विभाग/जिला बाल संरक्षण इकाई/राजस्व/पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा वर एवं वधु पक्ष के घर में जाकर आवश्यक समझाईश देकर रुकवाया गया वधु बालिग अर्थात 18 वर्ष होने में 9 माह शेष था। दोनों पक्ष की ओर से शादी की पूरी तैयारी कर ली गई थी। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 2 (क) के अनुसार बाल विवाह करने वाले को 2 वर्ष का कारावास एवं 1 लाख रुपए जुर्माना का प्रावधान है। बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है। इसलिए जिला प्रशासन लड़के के उम्र 21 वर्ष एवं लड़की की उम्र 18 वर्ष से अधिक होने पर ही विवाह तय करने की अपील करता है।

### पुलिस ने सटोरियों पर कार्रवाइ की

**कोरबा 24 मई।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चैहान द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीना एवं कोरबा पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी सायबर सेल को आई.पी.एल. क्रिकेट मैच 2024 के सीजन में क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खेलने ध् खिलाने वालों एवं इस कारोबार में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही क्रिकेट सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर पुलिस के द्वारा सट्टा संचालन करने वाले एवं उसके साथियों को पकड़ा गया है। पकड़ने के पश्चात पुलिस एवं साइबर सेल के द्वारा सटोरियों के बैंक खातों का विश्लेषण किया गया। विश्लेषण में यह पाया गया की सटोरियों के विभिन्न बैंक खातों को लोगों के द्वारा किराए पर उपलब्ध कराया जाता था जिस पर सटोरियों के द्वारा उसे बैंक खातों का गलत तरीके से पैसे का लेनदेन किया जा रहा था। उन सब 142 विभिन्न बैंक खातों को साइबर सेल एवं पुलिस के द्वारा उन सभी बैंक खातों की जानकारी बैंकों से प्राप्त कर उसमें विश्लेषण किया गया उन सभी बैंक खातों में लगभग 140 करोड़ का ट्रांजैक्शन हुआ था एवं उन सभी बैंक खातों को फ्रिज कराया गया उन सभी बैंक खातों में लगभग 40 लाख रुपए को पुलिस के द्वारा होल्ड कराया गया। टीम के द्वारा खातों का बारीकी से विश्लेषण अभी और किया जा रहा है। कोरबा पुलिस आम नागरिकों से यह अपील करती है कि अपने किसी भरोसे के आदमी को अपने बैंक खातों तो इस्तेमाल करने के लिए एटीएम पासबुक, चेक को किसी को ना दे और ना ही किसी को किराए एवं किसी अनजान व्यक्ति को अपने बैंक खातों की जानकारी को ना दें अगर उन खातों का किसी अपराध में उपयोग होता है तो पुलिस के द्वारा उन खाताधारकों के ऊपर कठोर कार्यवाही किया जाएगा।

**गिरफ्तार दोनों नक्सली थाना जगरगुण्डा क्षेत्र के है निवासी**

# दो नक्सली घेराबंदी कर पकड़े गए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 24 मई।** जिला सुकमा में सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.) कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा अरविंद राय, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज सुकमा, विकास कटैरिया, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज दंतेवाड़ा, सुशील कुमार मिश्रा, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज बीजापुर के मार्ग-दर्शन एवं किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा धमेन्द्र कुमार झा, कमाण्डेन्ट 165 सीआरपीएफ, चंदम बोबी सिंग, कमाण्डेन्ट 229 वाहिनी सीआरपीएफ, सुरेन्द्र कुमार, कमाण्डेन्ट 231 वाहिनी सीआरपीएफ के निर्देशन तथा निखिल अशोक कुमार राखेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, आकाश राव गिरेपूंजे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंटा के पर्यवेक्षण में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर दिनांक 19.05.2024 को थाना जगरगुण्डा से विजय सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी बी.नाईक, सहायक कमाण्डेन्ट द्वेय 165 वाहिनी सीआरपीएफ, हरिकेश नाथ, सहायक कामण्डेन्ट 231 वाहिनी सीआरपीएफ एवं तोमेश वर्मा, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी के हमराह 165, 231 वाहिनी सीआपीएफ एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन हेतु ग्राम तारलागुड़ा, कोरमेट्टा की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान तारलागुड़ा जंगल के पास सादे वेश-भूषा धारण किये हुए 01 संदिग्ध व्यक्ति के द्वारा पुलिस पार्टी को अपने ओर आते हुए देखकर भागने एवं छिपने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम कुंजाम जितु उर्फ बुधरू पिता ध्रुरवा उर्फ दुर्वा उम्र लगभग 48 वर्ष जाति मुरिया निवासी बैनपल्ली थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा (छ0ग0) का होना तथा नक्सल संगठन में बैनपल्ली आरपीसी मिलिशिया सदस्य के पद पर कार्य करना बताया गया। नक्सल संगठन में कार्य करना बताये जाने पर थाना लाकर नक्सल रिकार्ड चेक करने पर कुंजाम जितु थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 20.05.2017 को पुलिस गस्त पार्टी पर फायरिंग करने की घटना में अन्य नक्सलियों के साथ रहना पाया गया, घटना के संबंध में थाना जगरगुण्डा में अपराध क्रमांक 06/2017 धारा 147, 148, 149, 307 भादवि. 25, 27 आर्म्स एक्ट, 4 (ख) विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत पूर्व से प्रकरण पंजीबद्ध है। उक्त प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा पूर्व से जितु की गिरफ्तारी हेतु स्थायी वारंट जारी किया गया। जिसे तामिल कर दिनांक 20.05.2024 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल वारंट मिलने पर जेल भेजा गया।



इसी क्रम में दिनांक 20.05.2024 को थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत कैम्प सिलगेर से श्री चंदम बोबी सिंग, कमाण्डेन्ट 229 वाहिनी सीआरपीएफ, श्री मुखतियार सिंग, द्वितीय कमान अधिकारी, श्री राहुल जाधव के हमराह 229 वाहिनी सीआरपीएफ का बल एवं निरीक्षक सुरेन्द्र यादव के हमराह जिला बल का बल की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम बेदरे की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान बेदरे रोड़पारा के पास सादे वेश-भूषा धारण किये हुए 01 संदिग्ध व्यक्ति के द्वारा पुलिस पार्टी को अपने ओर आते हुए देखकर भागने एवं छिपने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना तेलाम पाकलू पिता जोगा उर्फ तेलाम आयतु उर्फ डोग्गा (पूर्व कुंदेड़ आरपीसी अध्यक्ष) उम्र 51 वर्ष निवासी कुंदेड़ थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा (छ0ग0) का होना तथा नक्सल संगठन में उपरोक्त पद पर कार्य करना बताया गया। नक्सल संगठन में कार्य करना बताये जाने पर थाना लाकर नक्सल रिकार्ड चेक करने पर तेलाम पाकलु के विरूद्ध थाना जगरगुण्डा में पूर्व से 09 अपराधों में शामिल रहना पाया गया। प्रकरणों में माननीय न्यायालय द्वारा पाकलु की गिरफ्तारी हेतु पूर्व से स्थायी वारंट जारी किया गया। जिसे तामिल कर दिनांक 20.05.2024 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल वारंट मिलने पर जेल भेजा गया।

# आयुष विभाग को रेडक्रॉस सोसायटी से मिली मोबाइल मेडिकल यूनिट गांव में दे रही सेवाएं

**जगदलपुर 24 मई।** आयुष विभाग के द्वारा 30 बिस्तरयुक्त जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय में जहां बाह्य रोगी कक्ष एवं अन्त- रोगी कक्ष में मरीजों को समुचित उपचार सुविधाएं प्रदान किया जा रहा है। वहीं जिले के अंतर्गत विकासखण्डों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के 43 आयुष स्वास्थ्य विंग तथा 26 आयुर्वेदिक औषधालयों के द्वारा आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार सुविधाएं दी जा रही है। साथ ही जिले के अंदरूनी गांवों में चिकित्सा पहुंचविहीन गांवों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से ग्रामीणों तक आयुर्वेद चिकित्सा को पहुंचाने का सकारात्मक पहल किया जा रहा है। जिससे आम लोगों में आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार करवाने के प्रति जागरूकता के साथ ही रूझान बढ़ रहा है। यही वजह है कि जिले के अंदरूनी इलाकों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के द्वारा विगत एक महीने में 584 से अधिक ग्रामीणों का उपचार किया गया है।

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मोहनीश साहू ने इस सम्बंध में बताया कि जिले में जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय में हृदय रोग मधुमेह, रक्तचाप, चर्म रोग, स्त्री रोग एवं अन्य सभी रोगों का उपचार किया जाता है। वर्तमान में यहां पर आयुर्वेदिक पद्धति से अर्श रोग (बवासीर) का क्षार सूत्र पद्धति से उपचार किया जा रहा है। जिले के ग्रामीण इलाकों में आयुर्वेद चिकित्सा सुविधाओं को उपलब्ध कराए जाने पर ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर विजय दयाराम के सार्थक प्रयासों के फलस्वरूप रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयुष विभाग को एक मेडिकल मोबाइल यूनिट प्रदान किया गया है। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से प्रत्येक सप्ताह हर विकासखण्ड के अंदरूनी गांवों में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर लगाकर ग्रामीणों को लाभान्वित किया जा रहा है। मोबाइल मेडिकल यूनिट में दो आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, एक फार्मासिस्ट एवं औषधालय सेवक द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं उपचार सेवाएं उपलब्ध करायी जा रही है। इस दौरान विशेष रूप से महिला चिकित्सक द्वारा ग्रामीण इलाकों में सेवाएं देने से ज्यादातर ग्रामीण महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। मोबाइल मेडिकल यूनिट में आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था के साथ ही चिकित्सा उपकरण भी उपलब्ध है।



# गृहमंत्री ने नक्सलवाद को समाप्त करने नई आत्मसमर्पण-पुनर्वास नीति के लिए 2 क्यूआर कोड किए जारी

**जगदलपुर 24 मई।** छत्तीसगढ़ के साथ बस्तर संभाग से नक्सलवाद को समाप्त करने एवं नक्सलियों के लिए नई आत्मसमर्पण -पुनर्वास नीति लागू करने से पहले सरकार ने नक्सलियों के साथ ही हर वर्ग से सुझाव मांगा है। बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में गृहमंत्री विजय शर्मा ने 2 क्यूआर कोड जारी किए हैं। जिसके तहत उन्होंने मीडिया के माध्यम से नक्सलियों से कहा कि वे ही बताएं कि पुनर्वास नीति में क्या बदलाव चाहते हैं? हम आमंत्रित सभी के सुझाव पर काम करते हुए एवं पड़ोसी राज्य के आत्मसमर्पण?-पुनर्वास नीति का अध्यन कर बेहतर विकल्प लेकर आयेंगे। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हमारी पूरी कोशिश है कि बस्तर से नक्सलवाद को समाप्त किया जावे। उन्होने आह्वान करते हुए कहा कि जो लोग मुख्यधारा से भटक चुके हैं, हथियार उठा लिए हैं वे मुख्यधारा में लौट आएं। उन्होंने कहा कि हम नई आत्मसमर्पण-पुनर्वास नीति के तहत काम करना चाहते हैं। पत्रकारों से भी इस मामले को लेकर उन्होंने सुझाव मांगा है। उन्होने कहा कि नक्सलियों के नई आत्मसमर्पण-पुनर्वास नीति के सुझाव के लिए हमने एक गूगल फॉर्म तैयार किया है। जिसमें 02 क्यू आर कोड हैं। एक ईमेल आईडी का है और दूसरा गूगल फॉर्म का है। समर्पण नीति को लेकर यदि सुझाव देना चाहते हैं तो इन दोनों कोड में स्कैन कर दे सकते हैं। उन्होने पुन- कहा कि यदि नक्सली भी शांतिवार्ता के लिए बात करना चाहते हैं तो इसके माध्यम से भी वार्ता की शुरूआत कर सकते हैं। इसके अलावे वीडियो कॉल के माध्यम से, चिठ्ठी के माध्यम से नक्सली अपनी बात रख सकते हैं।

**मुठभेड़ में शामिल जवानों का दावा है कि कई नक्सली गोली लगने से घायल भी हुए हैं**

# नारायणपुर के रेकावाया मुठभेड़ में 8 नक्सली ढेर, अत्याधुनिक हथियार बरामद

**नारायणपुर 24 मई।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके के रेकावाया के जंगल में गुरुवार को पहली बार जवान नक्सल विरोधी अभियान पर यहां तक पंहुचे। यहां नक्सलियों के लड़ाकू बटालियन प्लाटून नंबर 16 के कमांडर मल्लेश और इंद्रावती एरिया कमिटी के साथ हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने अब तक 08 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मुठभेड समाप्त हो गई है, जवान पूरी रात जंगल में ही रहे, आज शुक्रवार सुबह कैंप वापस लौट रहे हैं, वापसी के बाद नक्सलियों के पहचान सहित अन्य विस्तृत जानकारी मिलेगा।



विदित हो कि रेकावाया के जंगल में हुई मुठभेड़ में 07 नक्सलियों को ढेर करने के बाद जवान पूरी रात जंगल में ही रहे सुबह फाईनल सर्चिंग के बाद आज शुक्रवार को जब जवानो की टीम वापस मुख्यालय लौट रही थे इसी दौरान रास्ते में एक बार फिर से नक्सलियों ने जवानों को घेरने का प्रयास कियाा और उन पर फायरिंग शुरु कर दिया। मुठभेड़ में जवानों ने एक और नक्सली को ढेर कर दिया है। इस तरह मारे गये सभी 8 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गये हैं। मुठभेड़ में शामिल जवानों का दावा है कि कई नक्सलियो को गोली लगने से घायल भी हुए हैं। मौके से ऑटोमेटिक हथियार, विस्फोटक व नक्सल सामग्री भी बरामद किए गए हैं। नारायणपुर के एसपी प्रभात कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि नारायणपुर व बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों की लड़ाकू बटालियन प्लाटून नंबर 16 के कमांडर मल्लेश और इंद्रावती एरिया कमेटी के कई नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बस्तर के डीआरजी और बस्तर फाइटर्स व एसटीएफ की टीमें संयुक्त अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान गुरूवार 11 बजे घात लगाए नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया, जिसमें 08 नक्सली मारे गये हैं, मुठभेड़ समाप्त हो गई है, जवान आज शुक्रवार सुबह लगभग 12 बजे तक कैंप पंहुच जायेंगे। मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं।

## एनटीपीसी कोरबा ने बालिका सशक्तिकरण मिशन 2024 का किया उद्घाटन

**कोरबा 24 मई ।** एनटीपीसी कोरबा ने 22 मई को सी. शिवकुमार, कार्यकारी निदेशक (पश्चिम क्षेत्र-प्प, यूएसएससी और ऐश नई पहल) और श्रीमती सी. पदमजा, अध्यक्ष अर्पिता महिला समिति का स्वागत किया। सी. शिवकुमार ने सरित माहेश्वरी (परियोजना प्रमुख, कोरबा), अर्नब मैत्रा (जीएम ओ एंड एम), सोमनाथ बनर्जी (जीएम मेंटेनन्स) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में बालिका सशक्तिकरण मिशन 2024 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर काफ्लि ने कर्मचारी विकास केंद्र का दौरा किया जहां जीईएम गर्ल्स की कक्षाएं आयोजित की जाएंगी, ईटी हॉस्टल, जीईएम गर्ल्स का निवास स्थान, योग ग्राउंड और जीईएम लड़कियों के लिए भोजन क्षेत्र का दौरा भी किया। बालिका सशक्तिकरण मिशन 2024 के तहत इस वर्ष एनटीपीसी कोरबा 126 बालिकाओं को प्रशिक्षण देगा। इसके बाद सी. शिवकुमार और श्रीमती सी. पदमजा ने बैच 2024 की जीईएम गर्ल्स को किट वितरित कीं। लड़कियों के हर्षित चेहरों का मधुर जादू बालिका सशक्तिकरण मिशन कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए उनकी खुशी को दर्शाता है।

## समाचार संक्षेप

### जिला स्तरीय योगा ओलम्पियाड प्रतियोगिता का आयोजन



**सुकमा, 24 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर श्री हरिस.एस के निर्देशन में जिला स्तरीय योगा ओलम्पियाड़ प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय सुकमा में कल 24 मई 2024 को प्रातः साढ़े 8 बजे कवासी हड़मा स्टेडियम सुकमा में किया गया है। जिसमें जिले के विकासखण्ड के अंतर्गत स्थित शैक्षणिक संस्थाओं से प्रतिभागियों को शिक्षकों के साथ उपस्थित करवाने के निर्देश खंड शिक्षा अधिकारियों को दिए गए हैं। इस दौरान कक्षा 6 वीं से कक्षा 8 वीं तक 8 छात्र- छात्राओं तथा कक्षा 9 वीं एवं कक्षा 10 वीं के चार-चार छात्र-छात्राओं को योगा के लिए न्यूनतम तौर पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने कहा गया है। कक्षा 6 वीं से कक्षा 8 वीं तक के छात्र-छात्राओं की आयु 10 से 14 वर्ष तथा कक्षा 9 वीं से 10 वीं तक के छात्र-छात्राओं की उम्र 14 से 16 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इस योगा ओलम्पियाड में चयनित प्रतिभागी संभाग स्तरीय आयोजन में 27 मई 2024 से पूर्व सम्मिलित होंगे।इस कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी श्री विरूपाक्ष पुराणिक को नियुक्त किया गया है।

### समर कैंप का जिला शिक्षा अधिकारी मंडावी ने किया निरीक्षण



**सुकमा, 24 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर श्री हरिस. एस के निर्देश पर जिले में 22 मई से समर कैंप प्रारंभ हो चुका है। इसके लिए पिछले दिन जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक में दिए निर्देश पर सुकमा जिलें के विभिन्न स्कूलों में समर कैंप प्रारंभ की गई है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मंडावी ने समर कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निलावरम समर कैंप में चित्रकला और मेहंदी, गोल्लागुडा कुड़मेलपरा समर कैंप में चित्रकला, मेहंदी, क्राफ्ट, डांस एवं कबाड़ से जुगाड, हाईस्कूल मुरतोंडा समर कैंप में चित्रकला ,कस्तूरबा गांधी आश्रम में संचालित सुकमा मे रंगोली और मेहंदी सहित शबरीनगर समर कैंप में गायन विधा सीख रहे बच्चों का उत्साहवर्धन किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने इन संस्थाओं में पहुंच कर बच्चों से रूबरू होकर चर्चा की साथ ही शिक्षकों को समर कैंप को और बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिए। उनके साथ सहायक जिला परियोजना समन्वयक आशीष राम भी थे।

### 46 मालवाहक वाहनों पर सवारी बैठाने पर कटा 1.10 लाख का चालान

**कोरबा 24 मई।** कवर्धा के बाद कोरबा में भी मालवाहक गाड़ियों के दुर्घटना होने के पश्चात पुलिस ने जांच अभियान शुरू कर दिया है। चैक- चैराहों में सवारी भर कर चल रही मालवाहक गाड़ियों के विरूद्ध कार्रवाई की। इस दौरान 16 मालवाहक वाहनों का चालन काट कर एक लाख 10 हजार 500 रुपए शुल्क जमा कराया। तीन दिन पहले कर्वधा में सवारी भर कर जा रही थी मालवाहक दुर्घटना होने 19 लोगों की मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद मालवाहक चालक सबक लेने के बजाए सवारी ढोना जारी रखे है। बुधवार को कोरबा जिले के सतरेंगा मार्ग में गढ़कटरा के मालवाहक पिकअप के पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि छह लोग घायल हो गए थे। इसके बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर मालवाहक वाहनों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर थाना- चैकी के मुख्य मार्ग, चैक चैराहों पर पेट्रोलिंग शुरू कर दी है। इसी कड़ी में थाना चैकी एवं यातायात द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का किया जा रहा है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चैहान एवं नेहा वर्मा की अगुवाई जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना- चैकी एवं यातायात के द्वारा मालवाहक गाड़ियों में व्यक्तियों को बैठाकर परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की गई। दो दिवस के भीतर पुलिस ने 46 मालवाहक गाड़ियों पर सवारी बैठाने पर चालानी कार्रवाई की और एक लाख 10 हजार 500 रुपए समन शुल्क वसूला। पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा मुख्य चैक चैराहा एवं भीडभाड वाले इलाकों एवं बाजार में जाकर पैट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं ओवर स्पीड वाहन चलने वाले पर पुलिस ने कार्रवाई की। लगातार हो रहे दुर्घटना में कमी लाने के लिए यह विशेष अभियान को चलाया गया। अभियान के तहत वाहनों को रोककर जांच करने के साथ ही चालकों को समझाइश दी कि ओवर स्पीड वाहन ना चलाएं, ना ही शराब पीकर वाहन चलाएं और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे। मालवाहक वाहन में माल के अलावा किसी अन्य चीज का परिवहन ना करें। साथ ही कहा कि यदि पुनरू नियम विरूद्ध वाहन चालन करते मिलते हैं, तो उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। .

एक नजर

## कोतवाली पुलिस ने सट्टा खाईवाल को किया गिरफ्तार,भेजा गया जेल

**रायगढ़, 24 मई ।** बीते शनिवार 19 मई की रात्रि साइबर सेल व कोतवाली पुलिस द्वारा मधुबनपारा, रायगढ़ में सट्टा खाईवाल शहनवाज मलिक उर्फ सानू को क्रिकेट सट्टा खिलाते पकड़ा जिस पर थाना कोतवाली में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्यवाही की गई थी । खाईवाल शहनवाज उर्फ सानू तथा उसके लिए सट्टा-पट्टी लिखने वालों पर पुलिस की कार्रवाई से सटोरिए सानू उसके मोहल्ले के कुछ लोगों पर पुलिस को सूचना देने का संदेह जताकर आज शाम मोहल्ले में गाली गलौज कर रहा था । टीआई कोतवाली को खाईवाल के कृत्य की जानकारी मिलने पर कोतवाली स्टॉफ को मौके पर रवाना किया गया । जहां शाहनवाज खान उर्फ सानू मोहल्ले वालों को गाली गलौज कर डराते धमकाते मिला जिसे पुलिसकर्मियों द्वारा शांतिभंग ना करने की समझाइश दी गई इतने में अनावेदक सानू आक्रोशित होकर तेज आवाज में पुलिसकर्मियों के लिए अभद्र शब्दों का प्रयोग किया । अनावेदक सानू खान के कृत्य को देखते हुए कोतवाली स्टाफ द्वारा शहनवाज मलिक उर्फ सानू पिता कतुबुद्दीन 35 साल मधुबनपारा रायगढ़ को गिरफ्तार कर थाना लाया गया जिस पर धारा 151/107,116(3) सीआरपीसी की कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय रायगढ़ पेश किया गया । अनावेदक का जेल वारंट प्राप्त होने पर कोतवाली पुलिस ने शहनवाज मलिक उर्फ सानू को जेल दाखिल किया है । नगर पुलिस अधीक्षक श्री आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल एवं प्रधान आरक्षक दिलीप कुमार भानु शामिल थे ।

## ईवीएम की सीलिंग के लिए मतगणना पर्यवेक्षक एवं सहायकों की लगाई गई ड्यूटी

**महासमुंद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09 महासमुंद के मतगणना कार्य संपादन एवं मतगणना कार्य समाप्ति पश्चात ईवीएम के सीलिंग कार्य किए जाने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर प्रभात मलिक द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी मतगणना पर्यवेक्षक एवं मतगणना सहायक के रूप में लगाई गई है। उक्त 72 मतगणना पर्यवेक्षक एवं 72 मतगणना सहायकों का प्रशिक्षण 27 मई 2024 को दो पालियों में प्रातः 10 बजे एवं दोपहर 2 बजे से वन प्रशिक्षण शाला महासमुंद में आयोजित किया गया है।

डाक मतपत्र के संबंध में प्रशिक्षण 28 मई को- इसी प्रकार डाक मतपत्र के मतगणना कार्य संपादन एवं मतगणना कार्य समाप्ति पश्चात डाक मतपत्र को बंद लिफाफा कर सीलिंग कार्य किए जाने के लिए 17 मतगणना पर्यवेक्षक एवं ×4 मतगणना सहायक की ड्यूटी लगाई गई है। इस संबंध में 28 मई 2024 को प्रातः 11 बजे से वन प्रशिक्षण शाला महासमुंद में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। उक्त प्रशिक्षण में सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने निर्देश दिए है।

## चिन्मत डाकलिया बने हेड, सैय्यम जैन रेफरल लीड ,राहुल चोपड़ा रेफरल सेक्रेट्री ट्रेजरर

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी राजनांदगांव में जैन



इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइज़ेशन द्वारा जीतो बिजनेस नेटवर्क एवं जीतो लेडीज विंग का लॉच हुवा , जिसमे लगभग 100 से अधिक लोग सम्मलित होकर अपना रजिस्ट्रेशन कराया। इस जीतो बिजनेस नेटवर्क इवेंट में गणमान्य अतिथि की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुवा जिसमे प्रमुख रूप से जय कुमार जी वैध,राजेश चंदन, नयन जैन, विरल शाह, सुबोध जैन,अशोक पटवा,कन्हैया लुनावत, अभिलेष कटारिया, मयंक जैन, कुसुम श्रीमाल, ष्ट महावीर जैन, अभय जैन, अमूल जैन आदि उपस्थित थे। विशेष रूप से पधारे राजेश चंदन जी ने बिजेनेश को कैसे बड़ाया जाए उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी इस कार्यकर्म में राजनांदगांव शहर कार्यकारणी की भी घोषणा की गई जिसमे निखिल कुमार जैन को-कन्वेनर, चिन्मय डाकलिया रेफरल हेड , सैय्यम जैन रेफरल लीड ,राहुल चोपड़ा रेफरल सेक्रेट्री ट्रेजरर की जिम्मेदारी दी गई।

सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पैकिन में पेयजल की व्यवस्था की गई

महासमुंद 24 मई 2024/ सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पैकिन के डीपापारा मोहल्ला में बोर खराब होने के कारण पेयजल की समस्या आ गई थी। जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए मोहल्ला वासियों को निजी बोर से पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। इसके अलावा लगभग 100 मीटर की दूरी पर सार्वजनिक बोर से भी पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। जनपद सीईओ श्री अमित हालदार ने बताया कि बोर खराब की सूचना मिलते ही उसकी मरम्मत कराई जा रही है। इसके अलावा एक नया बोर खनन भी कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंचल में पेयजल की समस्या को लेकर प्रकाशन सचेत है और तत्काल पेयजल उपलब्धता के लिए प्रयासरत है।

## पिछड़े वर्ग के आरक्षण से खिलवाड़ नहीं करने दिया जायेगा: शिव वर्मा

**राजनांदगांव।** जिला भारतीय जनता पार्टी राजनांदगांव पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने कल कलकत्ता हाईकोर्ट के जज तपव्रत चक्रवर्ती और राजशेखर मंथा की खंडपीठ द्वारा बंगाल में 2010 के बाद जारी ओबीसी प्रमाण पत्रों को रद्द करने के निर्णय का तहेदिल से स्वागत करते हुये कहा कि यह संविधान के नियम के अनुसार नहीं था, जिसे कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा रद्द कर दिया जो कि स्वागतेय है।जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा महामंत्री राजेश बिसने, मंत्री पवन निर्मलकर ने एक संयुक्त बयान में कहा कि संविधान द्वारा पिछड़े वर्ग को दिये गये आरक्षण पर देश का पिछड़ा वर्ग किसी भी तरह का छेड़-छाड़ बर्दाश्त नहीं करेगा। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सन् 2010 में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण नीति पर मनमाने ढंग से फेरबदल करते हुये पिछड़े वर्ग की सूची देश के अल्पसंख्यक वर्ग मुसलमानों को भी जोड़कर पिछड़े वर्ग के साथ अन्याय किया था, जिसे इतने दिनों बाद कलकत्ता हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुये संज्ञान में लिया और उसे रद्द किया जिससे देश के सारे ओबीसी वर्ग में हर्ष की लहर व्याप्त है।

# अवैध रेत खनन मामले को लेकर परसदा जोशी सरपंच निलंबित

- जनता पूछ रही है अवैध रूप से खनन कर परिवहन किए गए रेत घाट का मूल्यांकन और रायल्टी चोरी की वसूली कब होगी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजिम-फिंगेश्वर,24 मई।** अवैध रेत उत्खनन मामले में राजिम एसडीएम अर्पिता पाठक ने बड़ी कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत अधिनियम की धारा 39 अन्तर्गत फिंगेश्वर विकासखंड की महिला सरपंच श्रीमती सुनीता सोनी को निलंबित करते हुए बड़ी कार्यवाही की है। एसडीएम की कार्यवाही से फिंगेश्वर विकासखंड की अनेक पंचायतों में चल रहे मनमाने रेत अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वाले रेत माफियाओं को पंचायतों का सहयोग मिलना मुश्किल हो जावेगा। पूरे अंचल में 7- 8 पंचायतों में हो रहे रेत उत्खनन की अवैध गतिविधि में संबंधित पंचायत का मौन समर्थन भ्रष्टाचार की राह पर मिलता रहा है। ग्राम पंचायत परसदाजोशी की महिला सरपंच सुनीता सोनी को रेत के अवैध खनन एवं परिवहन मामलें में एसडीएम की नोटिस के बाद भी परसदाजोशी पंचायत क्षेत्र में रेत खदानों में अवैध गतिविधि चालू रही। राजिम एसडीएम अर्पिता पाठक द्वारा दी गई नोटिस का जवाब माह भर बाद भी संतोषजनक न मिलने पर अन्ततः सरपंच परसदाजोशी सुनीता सोनी को एसडीएम ने अपने आदेश क्रमांक 798 दिनांक 22 मई 2024 द्वारा छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 39 के तहत पद से निलंबित कर दिया है। एसडीएम ने बताया कि अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन मामलें में नोटिस दिए जाने के बावजूद परसदाजोशी पंचायत क्षेत्र की खदानों में अवैध उत्खनन एवं परिवहन जारी था। इसके साथ ही अवैध रेत खनन और परिवहन में संलिप्तता पाई गई। एसडीएम अर्पिता पाठक ने बताया कि परसदाजोशी पंचायत क्षेत्र में बहने वाली महानदी में लगातार अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन जारी था। लेकिन ग्राम पंचायत ने इस अवैध कार्य को रोकने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं किया। एक माह पहले इस अवैध कार्य के लिए कार्यालय एसडीएम राजिम द्वारा कारण बताओ नोटिस भी दिया गया। पिछले वर्ष से ही परसदाजोशी पंचायत अवैध रेत उत्खनन एवं मनमाने ढंग से परिवहन करने वाले रेत घाट के रूप में चर्चा में है। चिन्हांकित खदान से बाहर जाकर बहुत बड़े क्षेत्र में लगातार अवैध खनन किया जाता रहा। और पंचायत आंख मूंदकर तमाश देखता रहा या मौन स्वीकृति से अवैध धंधा चलता रहा यहां अलग अलग स्थानों में तीन जगह रेत का अवैध खनन अब भी चल रहा है। पूरे मामले में शुरू से ही पंचायत की मौन सहमति यानी भ्रष्टाचार के कारण थी कई बार माईनिंग ने भी कार्यवाही की अंत में 22 मई 2024 को ग्राम पंचायत सरपंच सुनीता सोनी को निलंबन की कार्यवाही की गई है एसडीएम की इस कार्यवाही से रेत माफिया सहित पंचायतों में हड़कंप मचा हुआ है।

### सरपंच तो निलंबित कर दिए गए, पर शासन को होने वाले करोड़ों रुपए के नुकसान का क्या होगा

अवैध रेत खनन को लेकर लोगों में तरह तरह से चर्चाएं चल रही है रेत माफिया पंचायतों से सांठगांठ कर अंधाधुंध खनन कर अच्छे खासे दामों में बेच कर रेत माफिया मालामाल हो गए हैं पर लोगों के जुबान पर एक ही सवाल गुंज रहें हैं सरपंच को तो निलंबित तो कर दिए गए हैं पर अवैध रेत खदानों का मुल्यांकन कर शासन को होने वाले राजस्व नुक़सान की भरपाई होगी की नहीं या फिर मामला यहीं पर रफा दफा हो जायेगी ।

## वोट बैंक के लिए ममता बनर्जी ने घुसपैठियों को जारी करवाया सर्टिफिकेट: राकेश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व तुमगांव नपं अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा एक विशेष वर्ग को दिए गए ओबीसी दर्जा रद्द करने के आदेश का स्वागत किया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि वोट बैंक की घटिया राजनीति के कारण पश्चिम बंगाल सरकार ने 2010 से 2024 तक बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं को ओबीसी प्रमाणपत्र दिया था। जिसे रद्द कर कोलकाता हाईकोर्ट ने ओबीसी वर्ग के लोगों के अधिकारों को सुरक्षित किया है। जो सुविधा वास्तविक पिछड़ों, एससी, एसटी को मिलना था वह ममता बनर्जी द्वारा बांग्लादेशी घुसपैठियों को दिया गया। ओबीसी, एससी, एसटी का हक छीनकर वोटबैंक की राजनीति करने वालों के विरोध में ओबीसी मोर्चा द्वारा पूरे प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में ममता बनर्जी व उनके सहयोगियों का पुतला दहन किया जाएगा। चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिस तरह से हाईकोर्ट के आदेश का फैसला न मानने का बयान दिया है वह निंदनीय है। ममता का बयान देश के संविधान और उनके द्वारा ली गई शपथ के विरुद्ध है। इस कृत्य के लिए ममता बनर्जी पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। कोर्ट के फैसले से करीब पांच लाख ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द होंगे। संविधान में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। ममता बनर्जी ने वोट बैंक बढ़ाने बांग्लादेशी घुसपैठियों को ओबीसी सिर्टफिकेट जारी कर दिया था। जिसे कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए रद्द किया है। इस फैसले से यह स्पष्ट होता है कि कैसे ममता बनर्जी तुष्टीकरण को आगे बढ़ा रही थी। चंद्राकर ने कहा कि इसी तरह कांग्रेस ने कर्नाटक में ओबीसी आरक्षण छीनकर एक वर्ग विशेष के लोगों को देने का काम किया है। यह बाबा साहेब के संविधान के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा और तृणमूल कांग्रेस की सोच ओबीसी, एससी/ एसटी विरोधी है। अपने भाषणों में संविधान हाथ में लेकर चलने की बात कहने वाले राहुल गांधी इस मामले में मौन है। लेकिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा गरीबों, वंचितों का हक किसी को छीनने नहीं देगी।

## समर कैंप हो पूर्णत: स्वैच्छिक दबाव डालना बंद करे विभाग



**राजिम, 14 मई।** स्कूलों में चिलचिलाती धूप व गर्मी के चलते एक तरफ समय से पहले ग्रीष्म कालीन अवकाश की घोषणा कर दी गई किंतु दूसरी ओर राज्य शासन के जारी समर कैम्प के पत्र जो कि स्वैच्छिक आयोजन के लिए है जहाँ पर स्थानीय रूप से विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थित हो सकें उसे दबाव पूर्वक सभी स्कूलों में आयोजित करने का प्रयास किया जा रहा है तथा समर कैम्प कहाँ हो रहा है कहाँ नही हो रहा है प्रतिदिन इनकी रिपोर्टिंग मांगी जा रही है।लगातार पारा बढ़ते क्रम में है शिक्षक स्कूल जाने मजबूर हो रहे है साथ ही बच्चो के पालकों में भी रोष की स्थिति है यही कारण है कि समर केम्प जँहा आयोजित हो रहे हैं उपस्थिति नगण्य है।छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन अभनपुर व संकुल समन्वयक संघ अभनपुर के ब्लॉक अध्यक्ष बुद्धेश्वर बघेल ने बताया कि शासन स्तर के आदेश में स्वैचिछक है पर अधिकारियों के वाट्सप संदेश के माध्यम से प्रत्येक विद्यालय में समर कैम्प आयोजित करवाने कहा गया है।विभिन्न ग्राम स्तर में गर्मी के वजह से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर की शिकायतें मिल रही हैं ऐसे में अनिवार्यता का दबाव नही होना चाहिए ये मासूम बच्चों व शिक्षकों के स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से उचित नही है। इस पर जरूर शासन स्तर से स्पष्ट निर्देश जारी होने चाहिए।राज्य स्तर पर संगठन द्वारा इसके लिए शासन से चर्चा व समाधान न निकलने पर विरोध करने की शीघ्र योजना बन रही है।

## माहवारी साक्षरता प्रबंधन पखवाड़ा स्वच्छता और जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

**बीजापुर, 24 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशन मे तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण अभियान का उद्देश्य माहवारी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना और समाज में माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना है। पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्वयंसेवक बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और लोगों को जागरूक करने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत 15 मई से की गई है, जिसमें सामुदायिक स्तर पर लोगों को माहवारी स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी जा रही है। आंगनवाड़ी केंद्रों पर महिलाओं और किशोरी बालिकाओं से इस विषय पर चुप्पी तोड़कर खुलकर बोलने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। दीवारों पर नारा लेखन , भीड़भाड़ वाले स्थानों पर माइकिंग के द्वारा तथा रंगोली कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक ब्लॉक मे ग्राम पंचायत स्तर पर माहवारी जैसे संवेदनशील विषय पर खुलकर चर्चा की जा रही है, जिससे समाज में माहवारी के प्रति जागरूकता बढ़े और महिलाएं माहवारी के दौरान होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकें।इस अभियान में स्वयंसेवकों द्वारा की जा रही सराहनीय कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। उन्होंने समाज में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई है। स्वयंसेवक लोगों को यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है और इसके दौरान साफ-सफाई का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखना चाहिए। इस दौरान साफ पानी से नियमित सफाई करना भी जरूरी है। माहवारी के दौरान उचित पोषण और आराम की भी आवश्यकता होती है ताकि स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से बचा जा सके। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी, राहुल कौशिक एवं जिला समन्वयक यूनिसेफ, लेखिका साहू का विशेष सहयोग रहा है। इनके मार्गदर्शन और सहयोग से यह अभियान अपने उद्देश्य में सफल हो रहा है। भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि समाज में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े और महिलाएं स्वस्थ जीवन जी सके ।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष का लिया जायजा



महासमुंद। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 4 जून 2024 को होने वाले मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने कृषि उपज मंडी परिसर पिटियाझर के स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष पहुंचकर लिया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेश कुमार क्षीरसागर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह भी मौजूद रहे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने मंडी परिसर में बनाए गए विधानसभावार मतगणना कक्ष, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व एजेंट की बैठक व्यवस्था, प्रवेश द्वार, सीसीटीवी कैमरा मॉनिटरिंग, सुरक्षा व्यवस्था एवं मीडिया सेंटर का भी जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान श्रीमती कंगाले ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा की और व्यवस्था संबंधित विषयों पर जानकारी ली।श्रीमती कंगाले ने महासमुंद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के समस्त मतदान केन्द्रों के मतगणना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिले में मतगणना के लिए किए गए पुख्ता इंतजाम पर संतुष्टि जताई। उन्होंने बताया कि मतगणना हाल में मोबाईल फोन, आईपैड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेगा। लेकिन, मीडियाकर्मी मीडिया सेंटर तक मोबाइल ले जा सकेंगे। उन्होंने पासधारी अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ताओं एवं मतगणना अभिकर्ताओं के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतगणना कक्ष में कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट सहित आवश्यक अधोसंरचना उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने पोस्टल बैलेट एवं ईटीबीपीएस के मतों की गणना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आने जाने के लिए प्रवेश मार्ग का भी अवलोकन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना की सभी आवश्यक तैयारी की जा रही है व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएगी।उल्लेखनीय है कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में चार विधानसभाओं के वोटों की गिनती यहां मंडी परिसर में होगी। पूरे लोकसभा क्षेत्र के पोस्टल बैलेट की गिनती भी यही होगी। ईवीएम से मतगणना के लिए चारों विधानसभा कक्ष में 14-14 टेबल लगाए गए हैं। अतिरिक्त हॉल में 10 टेबल पोस्टल बैलेट के लिए लगाए गए हैं। काउंटिंग एजेंट की नियुक्ति के लिए ×1 मई शाम 5 बजे तक नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी काउंटिंग हाल में वीडियोग्राफी और सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं। पोस्ट बैलेट की गिनती सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी एवं मशीनों से सुबह 8:×0 से गिनती प्रारंभ होगी। इस अवसर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर निर्भय साहू, रवि साहू, एसडीएम उमेश साहू सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

## सर्पदंश पीड़ित आदिवासी महिला की 229 बटालियन के चिकित्सकों ने जान बचाई



**बीजापुर, 24 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**दिनांक 23 मई 2024 को लगभग 0625 बजे टेकलगुडेम के ग्रामीण 229 बटालियन सी.आर.पी.एफ के सिलगेर कैम्प में आए और सांप काटने के मामले (कथित तौर पर जहरीला) के बारे में सूचित किया। कैम्प कमाण्डर श्री जाधव राहुल अशोक, सहायक कमाण्डेंट ने प्राथमिक उपचारकर्ता सि0/जीडी दीपक यादव को 229 बटालियन सी.आर.पी.एफ के चिकित्सा अधिकारियों के साथ परामर्श के बाद संबंधित सांप के काटने के मामले में तत्काल प्राथमिक चिकित्सा राहत प्रदान करने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया । तदनानुसार, प्राथमिक उपचारकर्ता दीपक यादव द्वारा समवाय एम.आई. रूम में ही मरीज का इलाज किया गया और उसे स्थिर करने के लिए तत्काल दवा उपलब्ध कराई गई। इस तत्काल उपचार के बाद आदिवासी महिला की हालत स्थिर और खतरे से बाहर पाई गई, जिसमें एक आदिवासी महिला की जिंदगी बच गई। कैम्प कमाण्डर ने घटना की सूचना कमाण्डेंट श्री चंदम बॉबी सिंह और द्वितीय कमान अधिकारी श्री मुख्तयार सिंह को दी, जिन्होने रोगी को एम्बुलेंस के माध्यम से निकटतम अस्पताल तक तुरंत पहुँचाने के लिए निर्देशित किया। बाद में उसे आगे के प्रबंधन और उपचार के लिए एम्बुलेंस द्वारा लगभग 0645 बजे पी.एच.सी. जगरगुंडा ले जाया गया। आदिवासी महिला का विवरण इस प्रकार है- नाम-आयते, पिता-बोटी, उम्र-17 वर्ष, (महिला) निवासी-गाँव टेकलगुडेम जिला-सुकमा । इस तरह की पहल समुदाय की सेवा करने और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए सीआरपीएफ के समर्पण का उदारहण है।

## पंचधारी एनीकट में नहाने वालों के मोबाइल चुराने वाला गिरफ्तार, 4 मोबाइल बरामद

**रायगढ 24 मई ।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत केलो डेम पर बने एनीकट पंचधारी नहाने के लिए प्रतिबंधित होने के बावजूद लोग नहाने आते हैं, जहां से नहाने आये लोगों के मोबाइल, कपड़े, रूपयों के चोरी की घटनाएं सामने आ रही थी । इसी परिप्रेक्ष्य में 20 मई को संत विनोबा नगर जूटमिल की रहने वाली ज्योति किण्डो (उम्र 16 वर्ष) द्वारा थाना कोतवाली में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 5 मई को वह अपनी 3 सहेलियों के साथ पंचधारी ऐनीकेट डेम में सुबह करीब 11:00 बजे नहाने गयी थी । ज्योति और इनकी सहेलियों ने अपने स्कूल बैग में अपना कपड़ा व 2 मोबाईल फोन, नगदी रकम 3000 रुपये कुल जुमला कीमती ?16,000 रुपये का डेम के सीढ़ी के पास कपड़े में लपेट कर रखे थे और नहाने गये थे। थोड़ी देर बाद वापस आये तो उनका कपड़ा एवं बैग, दोनों मोबाईल फोन एवं नगदी रकम नहीं था, आसपास पता तलाश किये पता नहीं चला । थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 310/2024 धारा 379 आईपीसी कायम कर माल मुल्जिम की पतासाजी में लिया गया ।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला द्वारा कोतवाली पुलिस को क्षेत्र में मोटर सायकल व विभिन्न चोरियों के माल मुल्जिम की पतासाजी हेतु दिशा निर्देश दिया गया है । सीएसपी आकाश शुक्ला के मागदर्शन पर कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी मोबाइल के डिटेल के साथ पूर्व में चोरी में शामिल आपराधों में चालान हुये आरोपियों से सघन पूछताछ कर रही है । इसी कड़ी में कल कोतवाली पुलिस से सूचना मिला कि चांदमारी सर्किट हाउस के पास सेकेण्ड हैण्ड मोबाईल



बिकी के लिये ग्राहक तलाश कर रहा है, तत्काल कोतवाली पुलिस ने संदेही दीपक कर्ष निवासी चांदमारी को हिरासत में लिया गया जिसके पास विभिन्न कंपनियों के 04 मोबाइल मिला । मोबाइलों के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर उसने इसी माह पंचधारी डेम के पास से मोबाइल चुराना बताया है । आरोपी से चोरी की 04 नग मोबाइल कीमती करीब 32 हजार रुपए का जप्त कर आरोपी को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस द्वारा रिमांड पर भेजा गया है । आरोपी दीपक कर्ष पिता देवलाल कर्ष उम्र 21 साल निवासी चांदमारी थाना कोतवाली जिला रायगढ़ को कोतवाली पुलिस द्वारा पूर्व में भी चोरी के अपराध में चालान कर जेल भेजा गया था । आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी के कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, प्रधान आरक्षक जगदीश नायक, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, मनोज पटनायक शामिल थे ।

## दुर्ग भिलाई सहित पूरे छग में आज से ब्लॉगबस्टर फिल्म मोर छइहां भूइंया-2 होगी रिलीज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सुप्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक सतीश जैन ने मोर छंइहा भुईया, झन भुलव मां बाप ल मया, हंस झन पगली फंस जाबे और ले शुरू होंगे मया के कहानी जैसी सुपरहिट फिल्मों की अपार सफलता से ये साबित कर दिया हैं, कि प्रादेशिक फिल्में बनाने में उनका कोई जोड़ नहीं है। निर्माता- निर्देशक सतीश जैन 24 साल बाद फिर से नये अंदाज़ में धमाकेदार फ़िल्म मोर छंड्हा भुईया 2 लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म भी सिनेमाघरों में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करने जा रही है। छत्तीसगढ़ी इंडस्ट्री में जब-जब नाजुक दौर आया है । तब-तब सतीश जैन जी ने छत्तीसगढ़ी फिल्म उद्योग में उम्मीद की किरण जगाई है। 24 साल बाद मोर छंइहा भुईया 2 के रूप में सतीश जैन फिर से एक नया धमाका करने जा रहे हैं। तकनीकी रूप से यह फिल्म अब तक की सर्वश्रेष्ठ छत्तीसगढ़ी फिल्म है। फिल्म के निर्देशक सतीश जैन ने हमारे संवाददाता से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपराओं को गुथकर गांव व शहर के रहन- सहन तथा पुराने और नये जनरेशन की भावनाओं को दिल की गहराइयों में पिरो कर सजाया है। मोर छंइहा भुईया 2 एक अद्भुत फिल्म है जो मनोरंजन के क्षेत्र में नए कीर्तिमान व आयाम गढ़ेगी। इस फिल्म में कुल 8 गाने



हैं, जो छत्तीसगढ़ी संगीत से लबालब है। फिल्म में मुख्य नायक की भूमिका में मन और दीपक साहू (मोहिनी फेम) ने निभाया है और हीरोइन ऐल्सा घोष व दीक्षा जायसवाल है। पुष्पेंद्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित और धर्मेंद्र चौबे ने खलनायक की भूमिका निभाई है। अन्य कलाकारो में- अनिल शर्मा, प्रीति राजवैद्य, सुरेशगोंडाल,, मनोज जोशी, अंजली सिंह, सुमित्रा साहु, मनोज वर्मा, प्रदीप शर्मा, शीतल शर्मा, रजनीश झांझी, छोटे लाल साहू, डॉ. अजय सहाय, सुब्रत शर्मा, आलोक मिश्रा, शुभम यादव, जॉनसन अरूण, सलीम खान, सुमित दुआ, सचिन शर्मा, जयराम भगवानी, राजेन्द्र कपूर, नकूल महलवार। इस फिल्म के निर्माता निर्देशक सतीश जैन, सह-निर्माता- ललित सिन्हा, सौरभ अग्रवाल, शैलेन्द्र सिन्हा, छायांकन सिद्धार्थ सिंह संगीत सुनील सोनी, बाबला बागची. कार्यकारी निर्माता आलेख चौधरी, गीत- स्व. लक्ष्मण मस्तुरिया, सतीश जैन, गिरवर दास मानिकपुरी, एसोसिएट डायरेक्टर - सलीम अंसारी, मुख्य सह-निर्देशक- भूपेन्द्र चंदनिया, लाईन प्रोडयूसर सुनील साहू, प्रो. कन्ट्रोलर- हेमंत चंदनिया, खिलेश्वर साहू, संपादन- तुलेन्द्र पटेल, कोरियोग्रॉफर चन्दन दीप, दीपक साहू, ऑडियोग्रॉफी- प्रबोध रंजन साहु, मेकअप गोरा, ग्राफिक्स प्रवीर दास, एक्शन- कुन्ड्राथुर एस. बाबू, ड्रेस अशोक गौर, कॉस्टयूम डिजाईन - सरिता जैन, रुनझुन जैन, रिकॉर्डिस्ट नूतन सिन्हा. स्वर-सुनील सोनी, नितिन दुबे, अनुपमा मिश्रा, कंचन जोशी, श्रद्धा मंडल, कहानी पटकथा संवाद सतीश जैन, म्यूजिक अरेन्जर- प्रफुल्ल बहेरा।

## एक नजर

### सूने मकान से नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर पार

**रायपुर, 24 मई।** कबीरनगर स्थित मारूति होम के फ्लैट नंबर 501 के ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 7 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुनील कुमार गुप्ता 29 वर्ष मारूति होम फ्लैट नंबर 501 का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी 17 मई को अपने परिवार के साथ कहीं बाहर गया था। जब 20 मई को वापस आया तो देखा की उसके फ्लैट का ताला टूटा हुआ है और आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी 7 हजार रुपए गायब है। चोरी गए जुमला कीमती करीब 3 लाख 15 हजार 601 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग क्षेत्र से दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 24 मई।** शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दया तिवारी 28 वर्ष लोहार चौक सरस्वती कन्या शाला के पास रहता है। प्रार्थी ने आजाद चौक थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एचजेड 7202 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में कंकालीपारा निवासी गजेन्द्र कुमार निर्मलकर ने पुरानी बस्ती थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीआर 1134 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 24 मई।** गांधी चौक सारागांव में पुरानी रंजिश को लेकर पांच युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हलेश्वर कुमार साहू 24 वर्ष ग्राम सारागांव का रहने वाला है। प्रार्थी गांव में ही गांधी चौक के तरफ गया था, तभी आरोपी बिट्टू, गोपाल, जिधन, परमेश्वर व अन्य आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### शराब बेचते अधेड़ पकड़ाया

**रायपुर, 24 मई।** गोबरानवापारा पुलिस ने अवैध शराब बेचते एक अधेड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 16 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि टीवीएस स्कूल के पास नवापारा में अधेड़ शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी आनंद राम 51 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### महिला की सड़ी-गली लाश मिली

**रायपुर, 24 मई।** राजधानी रायपुर थाना टिकरापारा क्षेत्र के कमल विहार सेक्टर 4 में झाड़ी में अज्ञात महिला का शव मिला है। अज्ञात महिला की उम्र है लगभग 30-35 वर्ष है। महिला का शव 03-04 दिन पूर्व का है। अज्ञात महिला का शव आग से जला हुआ है। जिसके कारण पहचान नही हो पाई है। अज्ञात महिला कान में टाप्स पहनी हुई है। महिला गले में मंगलसूत्र, पिंक कलर की चूड़ी, पिच कलर गोल्डन वर्क की साड़ी, पहनी है। अज्ञात महिला के संबंध में उनके परिजनों के संबध में किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त होती है तो थाना टिकरापारा जिला रायपुर छत्तीसगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश रावटे के मोबाईल नम्बर 9479191037 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

### बच्ची को बनाया हवस का शिकार : गिरफ्तार

**रायपुर, 24 मई।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) कीर्त्तन राठौर सर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) रायपुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी तिल्दानेवरा के नेतृत्व में नाबालिग बालिका पर घटित अपराध में गिरफ्तार किया गया है।

### पत्रकार मेहत्तर राम को पुत्र शोक

**भखारा, 24 मई।** पत्रकार मेहत्तराम साहू के बड़े पुत्र देवसिंग साहू का आज 54 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। देवसिंग दो पुत्रियों के साथ भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।



भखारा के तुलसीराम साहू, भारत राम, मनोज राम, नेतूराम, दिली राम, शिवाराम, सोम साहू, झामी बाई, रेखा बाई, निर्मला बाई व लता बाई ने शोक व्यक्त किया है।

# संघ की शाखाओं का बढ़ा आकर्षण,नए चेहरे सक्रिय

■ नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए वार्डों में कई युवा चेहरे नजर आने लगे

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 24 मई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के पश्चात शहरी क्षेत्रों में संघ की शाखाओं में कई नए चेहरे आ रहे हैं। नगरीय निकाय चुनाव एवं सत्ता में भागीदारी चाहने वाले संघ की सदस्यता के लिए प्रयास कर रहे हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रायपुर जिला इकाई के अध्यक्ष महेश बिड़ला हैं। रायपुर में आरएसएस के 17 मंडल हैं। इनमें प्रत्येक मंडल के अंतर्गत पांच से अधिक शाखाएं लगती है। इन शाखाओं में शारीरिक प्रशिक्षण के अलावा राष्ट्रगीत गायन एवं भगवा ध्वज फहराया जाता है। राष्ट्र धर्म की प्रेरणा से शुरू किया गया संगठन अब लोगों की राजनीतिक महत्वाकांक्षा को पूरा करने का साधन बनता जा रहा है। संघ के पुराने कार्यकर्ताओं के अनुसार राज्य में भाजपा की सत्ता में वापसी और केंद्र में भी सरकार बनते देख अब बड़ी संख्या में युवा संघ से जुड़ना चाहते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख छग का दौरा कर चुके हैं। वे वनांचल में धर्मांतरण को रोकने के लिए निरंतर दौरा कर रहे हैं। संघ ने नगर प्रमुख के अलावा अन्य पदों पर कई शिक्षित लोगों को प्रमुख स्थान दिया है। छत्तीसगढ़ के प्रमुख डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना हैं। वे हड्डीरोग विशेषज्ञ हैं। इसके अलावा राजधानी में शिक्षाविद्, साहित्यकार, कलाकार संघ की विचारधारा से जुड़ रहे हैं। आगामी 28 जून को एक बड़ा कार्यक्रम राजधानी में रखा गया है जिसमें 50 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है।

### नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए महत्वाकांक्षी नेता सक्रिय

राजधानी तथा प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भाजपा को मिली सफलता के पश्चात कई महत्वाकांक्षी नेता संघ की नियमित शाखाओं में आ रहे हैं। राजधानी रायपुर के विभिन्न जोन के अंतर्गत आने वाले वार्डों में प्रातःकालीन शाखाओं में नए चेहरे दिखाई पड़ रहे हैं। नगरीय निकाय चुनाव के लिए पहले वार्डों का परिसीमन होगा। इसके पश्चात आरक्षण होगा। महत्वाकांक्षी नेता इसके लिए अभी से जुगत जमा रहे हैं। स्वामी आत्मानंद वार्ड में कई चेहरे जो कि प्रत्याशी पद के संभावित दावेदार हैं अब सक्रिय हो गए हैं। संघ के पदाधिकारियों के अनुसार शाखा में आने वाले लोगों को राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का पाठ पढ़ाया जाता है। लेकिन कार्यकर्ता अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए इसका उपयोग कर लेते हैं।

भारतीय जनता पार्टी वैसे तो एक राजनीतिक संगठन है लेकिन इसकी पूरी नकेल आरएसएस के पदाधिकारियों के पास है। राजातालाब स्थित आरएसएस के प्रांतीय कार्यालय में भी लोगों का जमावड़ा बढ़ गया है। संघ के माध्यम से अब सभी महत्वाकांक्षी नेता अपनी-अपनी राजनीतिक वैतरिणी पार करना चाहते हैं। राज्य में सत्ता होने के कारण अब सार्वजनिक उद्यानों, शाला प्रांगणों में शाखाएं चल रही है। समय के साथ ही शाखाओं में विभिन्न कार्यक्रमों में अलग-अलग लोगों को जोड़ा जा रहा है।

# कोर्ट का फैसला नहीं मानने पर भाजपा ने फूंका दीदी का पुतला



**रायपुर 24 मई।** पश्चिम बंगाल में कोलकाता हाईकोर्ट ने करीब पांच लाख ओबीसी प्रमाणपत्र को रद्द कर दिया है. इस पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोर्ट के फैसले को नहीं मानने की बात कही है. इसका भाजपाइयों ने विरोध किया है. बता दें कि कोलकाता उच्च न्यायालय ने 2010 से 2024 तक के पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को रद्द कर दिया है और 2010 से जो सर्टिफिकेट दिया गया था उसको भी रद्द किया है. कोर्ट के फैसले को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नहीं मानने और उसे फिर से लागू करने की बात कही है. इसके चलते आज भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने रायपुर के बूढ़ातालाब के पास बंगाल की सीएम ममता बैनर्जी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया. भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान की निंदा की है और आदेश जारी किया है कि सभी प्रदेशों में जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान का विरोध कर उनका पुतला दहन किया जाए और कोलकाता उच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हुए स्वागत किया जाए. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान के विरोध स्वरूप राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेश का पालन करते हुए रायपुर में जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री यादराम साहू के नेतृत्व में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया एवं कोर्ट के फैसला का सम्मान किया गया।

# डीडी नगर के हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायपुर, 24 मई।** प्रार्थी रूद्रदेव कुमार ने थाना डी.डी. नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अग्रोहा कालोनी रायपुरा में रहता है तथा कैनरा बैंक में काम करता हैं। प्रार्थी दिनांक 16.01.2024 को सुबह करीबन 05.00 बजे उसकी भतीजी आकर बताई कि घर में कोई चोर घुसा है, तथा उसके कमरे में रखा हुआ आलमारी खुला था तथा सामान बिखरा हुआ था। सामान चेक किया तो पाया कि कमरे में रखे मोबाईल फोन, नगदी रकम, स्मार्ट वॉच, चांदी के सिक्के तथा घर के पोर्च में खड़ी दोपहिया वाहन नही था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के घर के पीछे की ओर से खिड़की के रास्ते घर अंदर प्रवेश कर उक्त मशरूका को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना डी.डी. नगर में अपराध क्रमांक 24/2024 धारा 457, 380 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। चोरी की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश देवांगन, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी डी.डी.नगर को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया।जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना डी.डी.नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आस-पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया।

# मतगणना स्थल का सीईओ ने किया निरीक्षण

■ राजनांदगांव, चांपा-जांजगीर एवं रायगढ़ में चलेगा प्रशिक्षण

**मुख्य नगर संवाददाता**

रायपुर, 24 मई। लोकसभा के लिए मतों की गणना चार जून को सेजबहार इंजीनियरिंग कालेज रायपुर में होगी। रायपुर लोकसभा के लिए रायपुर जिले की विधानसभाओं के मतों की गणना एवं सुरक्षा सहित अन्य दिशा-निर्देश देने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले ने आज मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। राजनांदगांव में मतगणना के लिए आज प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में मतदान हो चुके हैं। देश में चार जून को एक साथ मतों की गणना होगी। छत्तीसगढ़ में कुल 11 लोकसभा क्षेत्र हैं। इसके लिए सभी 33 जिलों में मतों की गणना का कार्य होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने गणना के लिए 1302 टेबल एवं 302 एआरओ नियुक्त किए हैं। विभिन्न जिलों में ईवीएम तथा वीवीपैट की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके अंतर्गत सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं व सशस्त्र वाहिनी तैनात की गई है। आज राजनांदगांव में गणनाकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रुपेन्द्र वर्मा प्रशिक्षण दे रहे हैं। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत चार जिले कवर्धा, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर व खैरागढ़ आते हैं। वर्मा के अनुसार एक चक्र की गणना के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे तथा 64 कर्मचारी तैनात रहेंगे। कर्मचारियों को कैल्कुलेटर सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मोबाइल प्रतिबंधित रहेगा। मीडियाकर्मी मीडिया सेंटर तक मोबाइल ले जा सकेंगे। मीडियाकर्मियों को मतदान प्रक्रिया से अवगत कराया जाएगा। 28 जून को रायगढ़ में इसके पश्चात चांपा-जांजगीर में गणनाकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग ने गणना में लगे कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने तथा अन्य कार्य की सीधी जानकारी दिल्ली स्थित निर्वाचन आयोग को देने के लिए कहा है। सामान्य प्रेक्षक इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। राजनीतिक दलों के अभिकर्ताओं द्वारा आपत्ति किए जाने पर तत्काल निराकरण किया जाएगा। सबसे पहले डाकमतपत्रों की गणना होगी। सुबह सात बजे से गणना शुरू हो जाएगी। 11 लोकसभा क्षेत्रों के लिए 11 जिला निर्वाचन अधिकारी बनाए गए हैं जो कि परिणामों की अधिकृत घोषणा करेंगे।

# सर्व ब्राह्मण समाज में नियुक्तियां

**रायपुर 24 मई।** समाज कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन कैलाशपुरी में शहर कार्यकारिणी की संगठनात्मक बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में विप्र नगर तथा अमलेश्वर परिक्षेत्र के उपस्थित समाज सेवियों को शहर में निम्नानुसार पदों पर नियुक्त किया गया-- सचिव चंद्र कुमार शर्मा, संगठन सचिव नरेंद्र कुमार चौबे तथा अरविंद घर दीवान, प्रचार सचिव शिवेश धार दीवान, कैलाश कुमार, दयानंद मिश्रा, सांस्कृतिक मंच सचिव विनीत दुबे । अध्यक्ष ललित मिश्रा ने नवनियुक्त पदाधिकारियो को नियुक्ति पत्र प्रदान किया, जिसका हर्ष ध्वनि और तालियो की गड़गड़ाहट के साथ उपस्थित पदाधिकारियो ने स्वागत किया एवं बधाई दी।



### छात्रों को मिलेगी बेहतर शिक्षा

**रायपुर 24 मई।** आज के प्रतिस्पर्धा भरे दौर में शिक्षा के स्तर में तेजी से विकास देखा जा सकता है। जेईई, नीट आदि कई प्रतियोगी परीक्षाओं ने शिक्षा के विकास को एक नई दिशा दी है। इन परीक्षाओं में सफलता पाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की जरूरत होती है। विद्यार्थियों की इसी जरूरत को पूरा करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए शैक्षणिक संस्थान बायजूस ने 240 नए हाइब्रिड लर्निंग सेंटर्स शुरू किए हैं, जिनके माध्यम से छात्रों को योग्य तथा अनुभवी शिक्षकों द्वारा घर बैठे ही बेहतर शिक्षा प्रदान की जाएगी और इसके साथ ही उचित पाठ्यक्रम भी उपलब्ध कराया जाएगा। बायजूस के संस्थापक एवं सीईओ बायजू रवीन्द्रन ने इस बारे में कहा, बीटीसी भारत के लाखों बच्चों के लिये पूरक शिक्षा के अनुभव को बदलने की बड़ी क्षमता रखता हैं। सही प्रोग्राम्स, समर्पित शिक्षकों और सक्षम टेक्नोलॉजी के साथ, मेरा मानना है कि हम बीटीसी को पैमाने और प्रभाव के मामले में शानदार ऊँचाइयों पर पहुँचा सकते हैं। मैं चाहता हूँ कि सभी सेंटर्स के मैनेजर खुद को सिर्फ मैनेजर ही नहीं बल्कि मालिक समझें।

### 14 लाख से अधिक राशन कार्ड आचार संहिता ख़त्म होने के बाद होंगे आबंटित

**रायपुर , 24 मई।** छत्तीसगढ़ में 14 लाख से अधिक राशन कार्डों नवीनीकरण आचार संहिता की वजह से रोक दिया गया है। इस वक्त पीडीएस के अंतर्गत हैं 77 लाख राशनकार्ड हैं। इसके साथ ही 62.69 लाख कार्डधारियों ने नवीनीकरण कराया है। वहीं अब तक 45 लाख नए राशन कार्ड बांटे गए हैं। आचार संहिता खत्म होने के बाद बचे कार्ड बांटे जाने वाले हैं। राशन कार्ड नवीनीकरण को लेकर राज्य सरकार ने छूटे हुए हितग्राहियों को मोहलत देते हुए इसकी तारीख 15 मार्च तक बढ़ा दी थी। अब तक प्रदेश में 15 प्रतिशत और जिले के करीब 25 प्रतिशत राशनकार्ड धारकों का नवीनीकरण नहीं हो पाया था। कार्डधारकों को चिंता सताने लगी थी कि उन्हें नया कार्ड और राशन मिल पाएगा या नहीं, लेकिन अब उन्हें थोड़ी राहत मिल गई थी।

राशनकार्ड नवीनीकरण कराने के लिए कार्डधारकों को ऑनलाइन पोर्टल पर दो ऑप्शन दिए गए थे। पहला, राशनकार्ड में पंजीकृत मोबाइल नंबर और दूसरा कार्ड में चस्पा बारकोड स्कैनर। इन दोनों में से किसी भी तरीके से कार्डधारक अपने कार्ड के नवीनीकरण के लिए आवेदन कर सकता है, लेकिन कई कार्डधारकों के राशनकार्ड में चस्पा बारकोड स्कैनर पुराना हो गया है, जिसके कारण बारकोड काम नहीं कर रहा है, वहीं कई कार्डधारकों का पंजीकृत नंबर गलत बता रहा है। इन कारणों से लोग राशन दुकान से लेकर खाद्य विभाग कार्यालयों तक के भी चक्कर लगा रहे थे।

### भाजपा के लोग एसटी, एससी, ओबीसी के विरोधी: भूपेश

**रायपुर 24 मई।** छत्तीसगढ़ में जाति प्रमाणपत्रों की जांच के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि,भाजपा एसटी, एससी, ओबीसी की विरोधी सरकार है। जब से भाजपा सरकार बनी है, तबसे जाति प्रमाणपत्र बनना ही बंद हो गया है। विजय शर्मा एक भी शिकायत बता दें और जांच किस आधार पर करेंगे यह भी बता दें। भाजपा सरकार सिर्फ जांच के नाम पर गुमराह करना चाहती है। छत्तीसगढ़ में 5 सालों में बने जाति प्रमाणपत्रों की जांच की जाएगी। फर्जी प्रमाणपत्र बनाए जाने की शिकायत के बाद जांच करने का फैसला लिया गया है। प्रमाणपत्रों की जांच को लेकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि, 5 सालों में नगरीय निकायों में बड़ी संख्या में फर्जी प्रमाणपत्र बनाए गए हैं। राज्य सरकार ऐसे सभी फर्जी प्रमाणपत्रों की जांच कराएगी।

आवश्यकता है

शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।

संपर्क करें -98261 74789

# नवतपा में सूर्य दिखाएगा रौद्र रूप

■ मौसम विभाग के अनुसार नमी आने से तेज अंधड़ के साथ होगी वर्षा

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 24 मई।** राजधानी में प्रचण्ड गर्मी और उमस से परेशान लोगों को अब नवतपा की मार झेलनी होगी। ज्योतिष गणना के अनुसार सूर्य और पृथ्वी समीप आने के कारण गर्मी का भीषण प्रकोप रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार नवतपा सिर्फ ज्योतिष गणना में होता है। मौसम विभाग के अनुसार तेज हवा के साथ अंधड़ चलने का पूर्वानुमान है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार एक द्रोणिका छत्तीसगढ़ के ऊपर से गुजर रही है जिसके कारण उत्तरी एवं दक्षिणी छग में तेज हवाओं के साथ वर्षा हो रही है। पत्थलगांव में बीती रात पानी गिरा और आकाशीय बिजली गिरने से कई मवेशियों की मौत हो गई। दक्षिण बस्तर के अंतर्गत



आने वाले विभिन्न जिलों में भी वर्षा हो रही है। राज्य के मध्यवर्ती क्षेत्रों में मौसम साफ रहेगा। भीषण गर्मी के कारण अब लोगों ने सुबह ही अपना कामकाज निपटाना शुरू कर दिया है। शाम होने के पश्चात लोग घरों से निकलते हैं। डॉ. बीआर अंबेडकर अस्पताल की पीआरओ के अनुसार गर्मी में लू लगने के कारण लोग जिला अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं। डॉ. बीआर अम्बेडकर अस्पताल में हाइपरटेंशन के मरीज भर्ती हो रहे हैं। तेज और सीधी रौशनी का असर आंखों पर भी पड़ता है। शिक्षा विभाग के निर्देश पर ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों के लिए विभिन्न शिविर लगाए जा रहे हैं जिसमें नृत्य, संगीत सिखाया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका और खाड़ी से नमी आने के कारण यहां प्री-मानसून की संभावना बनी हुई है। ज्योतिष गणना के अनुसार रोहिणी नक्षत्र का प्रमुख होने के कारण सूर्य की तेज रोशनी से लोग गर्मी का अनुभव करेंगे। ज्योतिषों के अनुसार अलग-अलग दिन अलग-अलग ग्रहों का प्रभाव होगा। मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में मानसून समयपूर्व आने की संभावना है। खाड़ी से नमी आर ही है। किसानों को कृषि विभाग ने सलाह दी है कि वे खाद-बीज का उठाव शीघ्र कर लेवें।

### विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को

**रायपुर, 24 मई ।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा सबेरे 10.00 बजे से न्यू कन्वेन्शन हॉल नवीन विश्राम गृह, सिविल लाईन, रायपुर में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का विषय 'जलवायु परिवर्तन सदी की सबसे बड़ी चुनौती'रखा गया है। पोस्टर प्रतियोगिता चार आयु वर्ग में आयोजित होगी जिसमे प्रथम वर्ग में 12 वर्ष तक, द्वितीय वर्ग में 13 से 17 वर्ष, तृतीय वर्ग 18 से 21 वर्ष एवं चतुर्थ वर्ग दिव्यांगजनों के लिए होगा। प्रतियोगिता में प्रतियोगियों को आकर्षक नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। पुरस्कार चार आयु वर्ग में पृथक-पृथक दिये जायेंगे। प्रथम पुरस्कार पांच हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार तीन हजार रूपए, तृतीय पुरस्कार दो हजार रूपए एवं दो सांत्वना पुरस्कार पांच सौ रूपए दिए जाएंगे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26